दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

RNI NO.RAJHIN /2013/52026

कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 13 | अंक : 100 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00

टोंक | शनिवार, 15 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, एकादशी संवत्-2082

भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## विधानसभा उपचुनाव

# अंता उपचुनाव में कांग्रेस के प्रमोद जैन भाया जीते

## भाजपा के मोरपाल दूसरे पर; नरेश मीणा 128 वोट से पिछड़कर तीसरे नंबर पर रहे



बढ़ता राजस्थान

**बारां।** अंता (बारां) विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के प्रमोद जैन भाया जीत गए। उन्होंने भाजपा के मोरपाल सुमन को 15594 वोटों से हराया। निर्दलीय नरेश मीणा तीसरे नंबर पर रहे। रिजल्ट के बाद प्रमोद जैन भाया ने समर्थकों के साथ डांस कीया।

इधर, कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के घर की तरफ जा रहे नरेश मीणा (निर्दलीय) को पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया। नरेश को उसके कुछ समर्थकों के साथ पुलिस अपनी गाड़ी में बैठाकर कोतवाली थाने ले गई। हालांकि पुलिस मामले में कुछ भी कहने से बच रही है।

नतीजों पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि वो जनता का आदेश स्वीकारते हैं। वहीं, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने भाया को जीत की बधाई दी है। हार के बाद निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने कहा जनता ने जो प्यार-आशीर्वाद दिया, उसके लिए सिर झुकाता हूं। हमारी लड़ाई भ्रष्टाचार के खिलाफ थी। ईमानदारी हार गई-भ्रष्टाचार जीत गया। उन्होंने समर्थकों से कहा- ईश्वर हमारी परीक्षा ले रहा है, हमारी त्याग-तपस्या में शायद कोई कमी रही होगी। अब हमें दोगुनी ताकत से काम करना पड़ेगा।

### चौथे राउंड को छोड़कर एक बार भी नहीं पिछड़े भाया

20 राउंड की काउंटिंग के दौरान चौथा राउंड सबसे अहम साबित हुआ। पहले तीन राउंड में जहां भाया आगे रहे, वहीं चौथे राउंड में एक मात्र बार निर्दलीय नरेश मीणा ने बढ़त हासिल कर ली। इस राउंड में नरेश को 14,012 वोट मिले, कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया 13,860 वोट पर रहे, जबकि भाजपा के मोरपाल सुमन को 9,659 वोट मिले थे। इस राउंड में नरेश ने 152 वोट की लीड तो ली, लेकिन यह बढ़त वे आगे के राउंड में बरकरार नहीं रख पाए। पांचवें राउंड से भाया ने दोबारा मजबूत पकड़ बना ली और 10वें राउंड तक वे बड़े अंतर से आगे निकल चुके थे। 11वें से 20वें राउंड तक उनकी बढ़त लगातार बढ़ती गई, जबकि नरेश और मोरपाल के बीच हर राउंड में मामूली अंतर ही रहा।






### डोटासरा बोले-अंता में एक थप्पड़ से बीजेपी के गाल लाल

#### जीत के बाद कहा- प्रदेश में अब कई पर्चियां बदलेंगी; भाया की छवि खराब करने का मिला जवाब

अंता सीट का नतीजा आने के बाद कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बीजेपी और राज्य सरकार पर तंज कसा है। डोटासरा ने कहा- अंता की जनता ने एक थप्पड़ से इनके दोनों गाल लाल कर दिए है। बीजेपी की आपसी फूट साफतौर पर सामने आ गई है। डोटासरा बोले- सीएस ही नहीं बदला है, अब कई पर्चियां भी बदलेंगी। मैं तो चाहता हूं कि बीजेपी को जनादेश मिला है तो ये 5 साल राज करें लेकिन जो स्थितियां बन रही है, उसमें लगता है सरकार न गिर जाए। डोटासरा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। डोटासरा ने कहा- सरकार ने अंता में मंत्रियों की फौज लगा रखी थी लेकिन उन्हें कोई नहीं पूछ रहा था। दो आदमी उनके साथ नहीं लगते थे। 9 तारीख को 6 बजे प्रचार खत्म हो गया था, हम सब लोग आ गए लेकिन पूरा मंत्रिमंडल कोटा में बैठा रहा, वहां से पैसा बांटता रहा, सत्ता का दुरुपयोग करता रहा।



### मदन राठौड़ बोले-हार की सामूहिक जिम्मेदारी, सबसे ज्यादा मेरी

अंता उपचुनाव में हार के बाद बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि इस हार के लिए कोई एक व्यक्ति जिम्मेदार नहीं है। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। वहीं, सबसे ज्यादा हार की जिम्मेदारी मेरी है। उन्होंने कहा- हम हार की समीक्षा करेंगे। इसमें कहीं कोई ऑपरेशन भी करना पड़ा तो हम करेंगे। समीक्षा के बाद हमारी जो भी कमियां सामने आएगी, उसमें हम सुधार करेंगे। चुनाव में टिकट मांग रहे नेताओं के सक्रिय नहीं करने के सवाल पर मदन राठौड़ ने कहा- यह निश्चित रूप से जांच का विषय है। हम इसकी जांच करेंगे। उन्होंने कहा- अंता में जनता ने जो जनादेश दिया है, उसे हम सहर्ष स्वीकार कर रहे हैं।

#### बिहार का परिणाम देखेंगे तो मुंह-छिपाते रहेंगे

मदन राठौड़ ने विपक्ष के द्वारा जीत पर जश्न मनाने को लेकर कहा- वो यहां एक सीट जीत गए तो खुशियां मना रहे हैं। लेकिन उनके मन में राष्ट्र प्रथम नहीं है। अगर ऐसा होता तो बिहार चुनाव का परिणाम देखकर मुंह छिपाते फिरते। कभी ईवीएम पर ठीकरा फोड़ते हैं, फिर अंता में कैसे चुनाव जीत गए। देश में उनकी क्या स्थिति बन रही है। इस पर उनको विचार करने की जरूरत है। हम एक उप चुनाव हारे हैं। वहीं देश में हम लगातार चुनाव जीत रहे हैं।

**विपक्ष ने बेमेल गठजोड़ किया**-बिहार चुनाव को लेकर प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि बिहार में एनडीए को मिले अपार जनसमर्थन को लेकर बिहार की जनता का धन्यवाद देना चाहूंगा। उन्होंने कहा- सत्ता प्राप्ति की लालसा से बेमेल गठजोड़ जिन्होंने किया, जिनकी एक नीति नहीं है, समान सोच नहीं है। लेकिन सत्ता प्राप्त करने के लिए आपस में मिलकर देश में भ्रम की स्थिति पैदा करने की कोशिश कर रहे थे। वे पूरी तरह से असफल हो गए।

वहीं विशेष रूप से कांग्रेस वहां एक-दो सीट के लिए संघर्ष कर रही है। उसका पूरी तरह से सूपड़ा साफ हो गया। ऐसे में कांग्रेस को भी चिंतन मनन करने की आवश्यकता हैं। दूसरी ओर लालू यादव की पार्टी ने बिहार में जो भ्रष्टाचार किया था, उसके बाद उन्होने राहुल गांधी से समझौता किया।

## बिहार विस चुनाव

# बिहार में NDA सरकार बरकरार

## एनडीए की डबल सेंचुरी

### पीएम मोदी बोले ‘गर्दा उड़ा दिया’

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने बिहार विधानसभा चुनावों में सत्ताधारी एनडीए की ऐतिहासिक जीत को वंशवाद के विरुद्ध विकास-प्रधान राजनीति की विजय घोषित करते हुए कहा कि यह सफलता एनडीए के लिए पश्चिम बंगाल में बीजेपी की जीत का मार्ग प्रशस्त कर देगी। मोदी ने जोर दिया कि बिहार के मतदाताओं द्वारा दिया गया जनादेश स्पष्ट संकेत देता है कि राज्य में अब जंगल राज की कभी वापसी नहीं होगी। उन्होंने इसे देशभर में विकास के एजेंडे वाली राजनीति की मजबूती का प्रमाणिक उदाहरण बताया। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि नई सरकार के साथ एनडीए अब बिहार में 25 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा की ओर बढ़ रहा है। बिहार ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि इस महान भूमि पर जंगल राज की कभी वापसी नहीं होने वाली है। बता दें कि बिहार में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन और महागठबंधन के बीच सीधी लड़ाई थी। एनडीए के प्रमुख दलों में जनता दल यूनाइटेड, भारतीय जनता पार्टी, लोक जनशक्ति पार्टी और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा शामिल हैं। वहीं, महागठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, विकासशील इंसान पार्टी, वाम दल और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी हैं।

#### दोनों चरणों में हुआ रिकॉर्ड मतदान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल बताते हैं कि मंगलवार को 122 सीटों पर हुए विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में 68.79 प्रतिशत रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया गया, जो राज्य के चुनावी इतिहास में अब तक की सर्वाधिक संख्या है। उन्होंने जानकारी दी कि पहले चरण का मतदान छह नवंबर को हुआ था और उसमें 65.08 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। दो चरणों में हुए चुनाव में 66.90 प्रतिशत का ऐतिहासिक मतदान दर्ज किया गया।। यह आंकड़ा पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले 9.6 फीसदी ज्यादा है।



### राहुल गांधी बोले- चुनाव शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था

बिहार चुनाव की तस्वीर साफ हो गई है। 243 में से 200+ सीटों के साथ एनडीए रिकॉर्ड जीत की ओर है। जबकि महागठबंधन के खाते में 35 सीटें आ रही हैं। एनडीए को 2020 के मुकाबले 75 से ज्यादा सीटों का फायदा हो रहा है, वहीं महागठबंधन को लगभग इतनी ही सीटों का नुकसान हो रहा है। पिछली बार 43 सीटों पर सिमटी जेडीयू की झोली में इस बार 80+ सीटें हैं। वहीं 89 सीटों के साथ बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। राजद 24 सीटों पर आगे चल रही है। बड़े चेहरों में राघोपुर से तेजस्वी यादव करीब 12 हजार वोटों से जीत गए हैं। तेजप्रताप यादव महुआ से चुनाव हार गए हैं। उनकी पार्टी जेजेडी ने हार के बाद फेसबुक पर पोस्ट किया है। इसमें लिखा है- तेजस्वी फेलस्वी हो गया। आरजेडी को जयचंदों ने खोखला कर दिया।



### बिहार चुनाव की जीत का जश्न दिल्ली में

#### मोदी बोले- कांग्रेस अब मुस्लिम लीगी माओवादी पार्टी; छठ को ड्रामा कहने वाले बिहार की इज्जत क्या करेंगे

नई दिल्ली/पटना।

भाजपा ने बिहार में एनडीए की जीत का शुक्रवार को दिल्ली हेडक्वार्टर में जश्न मनाया। इस मौके पर पीएम ने 42 मिनट के भाषण में कहा, बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया। अब कट्टा सरकार कभी वापस नहीं आएगी।

उन्होंने छठी मईया के जयकारे भी लगाए। उन्होंने कहा कि जो छठ पूजा को ड्रामा कह सकते हैं, वे बिहार की क्या इज्जत करेंगे।

इस दौरान कांग्रेस, आरजेडी, पश्चिम बंगाल, केरल तमिलनाडु चुनाव का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बंगाल में भी भाजपा सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब मुस्लिम लीगी माओवादी पार्टी बन गई है। पीएम शाम 6 बजकर 51 मिनट पर मुख्यालय पहुंचे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का गमछा लहराकर अभिवादन किया।

सारे कार्यकर्ताओं ने भी गमछा लहराकर इसका जवाब दिया। बिहार में एनडीए की सरकार बनी है। गठबंधन को 243 में 202 सीटों पर जीत हासिल हुई, जो रिकॉर्ड है। महागठबंधन के खाते सिर्फ 35 सीटें ही आईं। बिहार में सरकार बनाने के लिए 122 सीटों की जरूरत होती है। एनडीए में भाजपा और जेडीयू ने 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ा था। अन्य सहयोगी पार्टियों एलजेपी को 29 सीटें, एचएएम और आरएलएम को 6-6 सीटें दी गई थीं।



**बिहार ने बंगाल में भाजपा की विजय का रास्ता बनाया:** मैं कहता हूं कि आपकी आशा मेरा संकल्प है। आपकी आकांक्षा मेरी प्रेरणा है। अब का बिहार विकसित होगा। भाजपा की ताकत उसका कार्यकर्ता है। भाजपा का कार्यकर्ता कुछ ठान लेता है तो कुछ भी असंभव नहीं रह जाता है। आज की विजय ने भाजपा के कार्यकर्ताओं को केरल, तमिलनाडु, असम, पुडुचेरी, पश्चिम बंगाल में भी नई ऊर्जा से भर दिया है। यहां गंगा जी, बिहार से बहते हुए ही बंगाल तक पहुंचती है। बिहार ने बंगाल में भाजपा की विजय का रास्ता बना दिया है। मैं बंगाल के भाई-बहनों से कहता हूं कि भाजपा आपके साथ मिलकर बंगाल से जंगलराज को उखाड़ फेंकेगी।

**कांग्रेस का एक और विभाजन हो सकता है:** कांग्रेस अब मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस, यानी MMC बन गई है। यही MMC है और इसका पूरा एजेंडा इसी पर चलता है।

## सम्पादकीय

# दो सौ आतंकी हमलों की साजिश

कैबिनेट की सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक के बाद केंद्र ने दिल्ली विस्फोट को 'जघन्य आतंकी घटना' करार दिया है। इसे देश-विरोधी ताकतों की आतंकी करतूत माना है, लिहाजा फिर दोहराया गया है कि आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति बरकरार रहेगी और आतंकियों तथा उनके आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा। हमारी जांच और सुरक्षा एजेंसियों ने लगातार छापेमारी कर जो साक्ष्य, डायरियां, नोटबुक्स आदि बरामद की हैं, उनसे 'डॉक्टर आतंकी गिरोह' के खौफनाक, नरसंहारी मंसूबे बेनकाब हुए हैं। दरअसल आतंकी 26 जनवरी, 2025 को ही लालकिले पर हमला करना चाहते थे। डॉ. मुजम्मिल और डॉ. उमर नबी (दिल्ली विस्फोट में भस्म) ने कई बार लालकिले की रेकी की थी और सुरक्षा-व्यवस्था तथा यातायात की जानकारियां जुटाई थीं, लेकिन वह साजिश नाकाम रही। अब प्रभु श्रीराम की अयोध्या सबसे पहले निशाने पर है। 25 नवंबर को राम मंदिर के शिखर पर 'भगवा ध्वज' फहराने की रस्म प्रधानमंत्री मोदी निभाएंगे। जाहिर है कि वह एक भव्य आध्यात्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक समारोह होगा। आतंकी उस दौरान अपनी नापाक साजिश को अंजाम देने की सोच रहे हैं। इसका खुलासा बरामद दस्तावेजों और आरोपित आतंकियों से पूछताछ के दौरान सामने आया है। आतंकी 25 नवंबर के बजाय 6 दिसंबर को 'राम मंदिर परिसर' में ही आतंकी विस्फोट कर सकते हैं। 1992 में इसी तारीख पर कथित बाबरी मस्जिद का ढांचा गिराया गया था। बहरहाल सिर्फ लालकिला ही नहीं, राजधानी दिल्ली का 'इंडिया गेट', गौरीशंकर मंदिर, कांस्टीट्यूशन क्लब (सांसदों की आवाजाही का स्थान), बड़े शॉपिंग मॉल्स, प्रमुख रेलवे स्टेशन आदि भी 'व्हाइट कॉलर आतंकी गिरोह' के निशाने पर हैं। उनकी साजिश है कि 200 से अधिक विस्फोटक आईईडी बनाए जाएं और दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद में 26/11 आतंकी हमले की तर्ज पर नरसंहार किया जाए। आतंकी एक साथ करीब 200 आईईडी विस्फोट करने की साजिश पर काम कर रहे थे। फरीदाबाद में जो 2900 किग्रा. अमोनियम नाइट्रेट और आरडीएक्स बरामद किया गया था, वह इसी साजिश के मद्देनजर जमा किया जा रहा था। जनवरी, 2025 से 'आतंकी डॉक्टर' और जैश-ए-मुहम्मद के गुरगे फरीदाबाद के 3-4 कमरों में विस्फोटक जमा कर रहे थे, लेकिन उन बोरों में खाद बताई जाती थी। विस्फोटक सामग्री और रसायन बांग्लादेश के रास्ते, नेपाल रूट से, फरीदाबाद तक लाए गए। अब भी करीब 300 किग्रा. विस्फोटक की तलाश की जा रही है, क्योंकि जांच एजेंसियों को कुल 3200 किग्रा. विस्फोटक होने का खुलासा किया गया है। यह खुफिया-तंत्र की भी बहुत बड़ी नाकामी है, जो इतना विस्फोटक फरीदाबाद के दो गांवों तक पहुंच गया और उसकी भनक तक नहीं लग पाई। यह भी खुलासा अब सामने आया है कि डॉ. मुजम्मिल और डॉ. उमर 2021 से तुर्किए जा रहे थे। दोनों के पासपोर्ट में तुर्किए के स्टाम्प मिले हैं। जनवरी, 2025 में दोनों ने शैक्षणिक एवं पेशेवर यात्राएं कीं। जम्मू-कश्मीर पुलिस के जरिए यह खुलासा हुआ है कि तुर्किए में दोनों की मुलाकात जैश के हैंडलर से हुई। हैंडलर का कूटनाम 'उकासा' बताया गया है। उमर हैंडलर के निर्देशों पर काम कर रहा था और 2021 की यात्रा के बाद ही 'जेहादी कट्टरवाद' की ओर गया। अब खुफिया एजेंसियां तुर्किए में रहने वाले करीब 2000 कश्मीरियों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। बहरहाल 'डॉक्टर आतंकवाद' का अनुभव भारत के लिए नया है। कोई यकीन भी नहीं कर सकता कि इनसान की जान बचाने वाले डॉक्टर ही 'आतंकी' बन सकते हैं, लेकिन यह आज का वीभत्स और कुरूप यथार्थ है। प्रधानमंत्री मोदी भूटान से लौटते ही लोकनायक अस्पताल में इलाजरत घायलों का हालचाल जानने गए।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 15 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1830 - समाज सुधारक राजा राम मोहन राय इंग्लैंड के लिए रवाना हुए।
- 1920 - जिनेवा में लीग ऑफ नेशंस की पहली बैठक आयोजित की गई।
- 1936 - नाजी जर्मनी और जापान के बीच कोमिंट्रन विरोधी संधि पर हस्ताक्षर किये गये।
- 1947 - विश्व स्वास्थ्य संगठन संयुक्त राष्ट्र का विशिष्ट अभिकरण बन गया।
- 1949 - महात्मा गांधी की हत्या के दोषी नाथूराम गोड से और नारायण दत्तात्रेय आप्टे को फाँसी दी गई।
- 1955 - पोलैंड और यूगोस्लाविया के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।
- 1961 - संयुक्त राष्ट्र ने परमाणु हथियारों पर रोक लगाई।
- 1988 - पी.एल.ओ. के अध्यक्ष यासर अराफात द्वारा फ़िलिस्तीन स्वतंत्र राष्ट्र घोषित।
- 1989 - पाकिस्तान के कराची में वकार यूनुस और सचिन तेंदुलकर ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया।
- 1998 - अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने अपना एशियाई देशों भारत एवं पाकिस्तान का दौरा रद्द किया।
- 2000 - फिजी में तख्ता पलट अवैध घोषित।
- झारखंड भारत का 28वां राज्य बना।
- 2001 - अलकायदा के ठिकाने से परमाणु बम बनाने सम्बन्धी दस्तावेज मिले।
- 2003 - तुर्की के इस्ताम्बल शहर में यहूदियों के प्रार्थना स्थल के पास हुए बम विस्फोट में 16 लोगों की मृत्यु और 150 घायल।
- 2004 - आस्ट्रेलिया के नामकरण की दो सौवीं वर्षगांठ मनी। अमेरिकी विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
- 2007 - चिली में 7.7 तीव्रता का भीषण भूकम्प आया। एरियाना-5 रॉकेट ने ब्रिटेन व ब्राजील के दूरसंचार उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित किया।

## विशेष आलेख

# बिहार में बडबोली राजनीति की हार, सुशासन की नई सुबह



ललित गर्ग



बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक एवं अनूठी जीत ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करिश्माई व्यक्तित्व, गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी रणनीति और उनकी जनस्वीकार्यता आज भी भारतीय राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाती है। यह जीत सिर्फ एक गठबंधन की सफलता नहीं, बल्कि बिहार के भविष्य की नई रूपरेखा का संकेत है। नीतीश कुमार के अनुभवी नेतृत्व, भाजपा की संगठनात्मक मजबूती और उभरते हुए युवा सितारे चिराग पासवान के प्रभावी प्रदर्शन ने मिलकर इस चुनाव को एनडीए के पक्ष में एक मिसाल बना दिया। एनडीए की जीत के पीछे उनके 10 प्रमुख वादे हैं जिनमें पंचामृत गारंटी, रोजगार सृजन, मुफ्त शिक्षा, महिलाओं के लिए योजनाएं, कृषि सुधार और बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है। इस बार के चुनाव इसलिये भी ख़ास रहे क्योंकि 1951 के बाद बिहार में इस बार सबसे ज्यादा वोट पड़े। इस बार बिहार में 67.13 प्रतिशत मतदान हुआ जो कि पिछले विधानसभा चुनाव से 9.6 प्रतिशत ज्यादा है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं का मतदान 8.15 प्रतिशत ज्यादा रहा है। इस बार के मतदान में पुरुषों की हिस्सेदारी 62.98 प्रतिशत रही और महिलाओं की 71.78 प्रतिशत। बिहार में 3.51 करोड़ महिला वोटर हैं और 3.93 करोड़ पुरुष वोटर और कुल मतदाताओं की तादाद 7.45 करोड़ है। बिहार विधानसभा चुनाव के ताजा रुझानों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( एनडीए ) के 200 सीटों के आंकड़े को पार कर रहा है, इस जनादेश में महिला मतदाताओं की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसा प्रतीत होता है कि एकतरफा बिहार की महिलाओं का विश्वास जीत गया है, एनडीए विजयी हुआ है, बिहार विजयी हुआ है और महागठबंधन का बड़बोलापन हारा है।

महागठबंधन की करारी हार अपने आप में कई सवाल छोड़ती है। चुनावी रैलियों में भीड़ जरूर इक_ी हुई, भाषणों में तीखे हमले भी हुए, लेकिन विपक्ष जनता का विश्वास जीतने में विफल रहा। नेतृत्व की अस्पष्टता, रणनीति की कमी, और विकास तथा सुशासन पर ठोस विजन की गैर-हाजिरी ने जनता को यह सोचने पर मजबूर किया कि सत्ता परिवर्तन से स्थिरता नहीं, बल्कि अनिश्चितता बढ़ सकती है। महागठबंधन बार-बार सामाजिक न्याय और पुराने नारों की दुहाई देता रहा, लेकिन आज का बिहार उन नारों से अधिक उम्मीदें रखता है-रोजग़ार, सुरक्षा, कानून व्यवस्था और बुनियादी सेवाओं की निरंतरता। इन मुद्दों पर विपक्ष का स्पष्ट और भरोसेमंद खाका सामने नहीं आ सका। यही कारण है कि उसके नेताओं की बड़बोली बयानबाज़ी जनता पर असर नहीं डाल सकी, बल्कि कई जगह उलटा असर दिखा गई। इसके विपरीत एनडीए ने अपने चुनाव अभियान को "स्थिरता $ विकास" के सूत्र में पिरोया। मोदी की राष्ट्रव्यापी स्वीकार्यता, केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां-योजनाएं और नीतीश कुमार की सुशासन-छवि ने बिहार के मतदाता को यह भरोसा दिया कि यह गठबंधन अनुभव, विश्वास, विकास और नीतिगत दृढ़ता का सही मिश्रण है। नीतीश कुमार भले कई राजनीतिक मोड़ों के लिए आलोचित हुए हों, लेकिन जनता के मन में उनकी छवि एक ऐसे प्रशासक की बनी हुई है, जो लंबे समय से बिहार को कानून-व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, सडक़-निर्माण और शिक्षा सुधार जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ाने का प्रयास करता रहा है। इस छवि का लाभ एनडीए को व्यापक रूप से मिला। भाजपा की संगठनात्मक मशीनरी ने बूथ तक प्रभावी और लक्षित पहुंच बनाई, जिससे मतदाताओं में यह भरोसा मजबूत हुआ कि केंद्र व राज्य का समन्वय विकास की गति को और तेज करेगा। इन चुनावों का एक बड़ा आकर्षण चिराग पासवान का उभार रहा। उन्होंने यह साबित कर दिया कि वे किसी के मोहरा नहीं, बल्कि भविष्य के निर्णायक खिलाड़ी हैं। उनके आक्रामक और आत्मविश्वासी अभियान ने युवा और दलित वर्ग में नई ऊर्जा जगाई। एनडीए के भीतर उनकी भूमिका महज सांकेतिक नहीं थी, बल्कि वास्तविक जनाधार और असर से भरपूर रही। सीटों पर उनकी उल्लेखनीय पकड़ ने यह संदेश दिया कि वे आने वाले वर्षों में बिहार की राजनीति को नए सिरे से परिभाषित कर सकते हैं। यह भी सच है कि उनकी बढ़ती लोकप्रियता नीतीश कुमार के लिए संतुलन साधने की चुनौती भी बन सकती है, लेकिन यदि गठबंधन समन्वय बनाए रखता है, तो बिहार को इससे मजबूत नेतृत्व का लाभ मिल सकता है। अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि इस ऐतिहासिक जीत के बाद बिहार किस दिशा में आगे बढ़ेगा। जनता की अपेक्षाएँ बहुत ऊँची हैं-सुरक्षित समाज, संवेदनशील प्रशासन, भ्रष्टाचार पर अंकुश और विकास की तेज रफ्तार। कानून-व्यवस्था बिहार की राजनीति का सबसे संवेदनशील मुद्दा रहा है। लोग चाहते हैं कि अपराध-नियंत्रण में सुधार हो, पुलिस प्रशासन आधुनिक और जवाबदेह बने, और न्यायिक प्रक्रियाओं में तेजी आए। एनडीए के पास केंद्र और राज्य दोनों के संसाधन और राजनीतिक सामर्थ्य है, इसलिए उससे उम्मीद यह है कि वह सुशासन का दूसरा अध्याय लिखने की दिशा में ठोस कदम उठाएगा।

# जाम साहेब दिग्विजय सिंह जडेजा को 83 साल बाद इजरायल में सम्मान



रामस्वरूप रावतसरे

*दिग्विजयसिंहजी ने सिर्फ अपने राज्य के लोगों की ही नहीं, बल्कि हजारों किलोमीटर दूर पोलैंड के नागरिकों की भी मदद की। द्वितीय विश्व युद्ध के समय उन्होंने वहाँ के बच्चों को भारत में शरण दी, बिना किसी स्वार्थ के मानवता का उदाहरण पेश किया।*

इजरायल के नेवातिम में हाल ही में नवानगर (अब जामनगर) के पूर्व महाराजा जामसाहेब दिग्विजय सिंह जडेजा की प्रतिमा का अनावरण किया गया। यह प्रतिमा उस करुणा और मानवता की याद में बनाई गई है, जब जामसाहेब ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पोलैंड के सैकड़ों बच्चों, जिनमें कई यहूदी बच्चे भी शामिल थे, उनको भारत में शरण और सुरक्षा दी थी। यह कार्यक्रम भारतीय यहूदी विरासत केंद्र और कोच्चि यहूदी विरासत केंद्र ने महाराजा जामसाहेब की याद में और उनकी प्रतिमा के अनावरण के लिए आयोजित किया था। यह प्रतिमा सितंबर 2024 में तैयार हो गई थी, लेकिन हमास के साथ जारी युद्ध के कारण इसके अनावरण में कई बार देरी हुई।

महाराजा दिग्विजय सिंह रणजीत सिंह नवानगर के अंतिम शासक थे। उन्हें और उस समय के कई राजाओं को लोग स्नेह से बापूसाहेब कहते थे। यह उपाधि किसी पद या सम्मान के रूप में नहीं दी जाती थी, बल्कि जनता के प्यार और विश्वास का प्रतीक थी। ऐसे राजाओं का मंत्र था, मेरी प्रजा का कल्याण मेरे साथ हो। भावनगर के नरेश कृष्णकुमार सिंह जी और जामसाहेब दिग्विजयसिंह जडेजा जैसे राजा सचमुच बापूसाहेब कहलाने योग्य थे, जिन्होंने अपनी प्रजा की देखभाल पिता की तरह की। दिग्विजयसिंहजी ने सिर्फ अपने राज्य के लोगों की ही नहीं, बल्कि हजारों किलोमीटर दूर पोलैंड के नागरिकों की भी मदद की। द्वितीय विश्व युद्ध के समय उन्होंने वहाँ के बच्चों को भारत में शरण दी, बिना किसी स्वार्थ के मानवता का उदाहरण पेश किया। आज भी पोलैंड और इजरायल जैसे देश उन्हें सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद करते हैं। जाम साहब दिग्विजय सिंह जडेजा का जन्म 1895 में हुआ था। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई राजकुमार कॉलेज में की और आगे की शिक्षा यूनिवर्सिटी कॉलेज, लंदन से प्राप्त की। 1919 में वे ब्रिटिश सेना में सेकंड लेफ्टिनेंट बने और करीब बीस साल की सेवा के बाद 1931 में सेवानिवृत्त हुए। इसके बाद भी वे 1947 तक भारतीय सेना में मानद पद पर जुड़े रहे। 1933 में अपने चाचा रणजीत सिंह जडेजा के निधन के बाद वे नवानगर के महाराजा बने। वे 1966 में अपनी मृत्यु तक नवानगर (अब जामनगर) के शासक रहे। 1947 में भारत की आजादी के बाद उन्होंने अन्य राजाओं के साथ अपने राज्य का भारत में विलय कर दिया। इस तरह वे जामनगर के अंतिम महाराजा माने जाते हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1939 में सोवियत संघ और जर्मनी ने मिलकर पोलैंड पर हमला किया। इसके बाद पोलैंड की सरकार गिर गई और उसके शासक लंदन भाग गए। हजारों पोलिश नागरिकों, जिनमें महिलाएँ, बच्चे, विकलांग और अनाथ शामिल थे, उनको सोवियत संघ भेज दिया गया। उन्हें शरणार्थी शिविरों और अनाथालयों में रखा गया, जहाँ वे भूख और बीमारियों से जूझते रहे। लगभग दो साल तक यह स्थिति बनी रही। 1941 में सोवियत सरकार ने इन लोगों को रिहा कर दिया और देश छोडऩे की अनुमति दी। तब हजारों पोलिश नागरिकों ने दूसरे देशों में शरण ली कुछ मेक्सिको गए, कुछ न्यूजीलैंड और अन्य देशों में बस गए।

## लघूकथा | बढ़ता राजस्थान

### देवताओं का फैसला



प्रातःकाल महाराज उठे उन्होंने आज्ञा दी, कि शाही दरवाज़े के भिक्षुकों को सम्मान से हमारे सामने पेश किया जाये। उस रात उसने एक अनुपम सपना देखा था, और उसकी याद अभी तक उसकी आँखों में चमक रही थी। इसलिए उसने उन भिक्षुकों को कृपादृष्टि से देखा, और उनमें से हर एक को सोने की एक-एक सौ मोहर दान दी। सारे शहर में जय-जयकार होने लगा। उसी शहर में एक गरीब किसान रहता था, जिसे दिन-रात के परिश्रम के बाद केवल खाने-पीने को ही प्राप्त होता था। दोपहर के समय किसान ने अपनी स्त्री से कहा- मेरा भाई मर गया है। अब उसके अनाथ बच्चे को भी हमें पालना होगा। मगर किसान को स्त्री ने कहा -हम गरीब हैं। हमें तो दोनों समय खाना भी मुश्किल से मिलता है। किसान ने उत्तर दिया कोई चिन्ता नहीं। हम थोड़ा-थोड़ा करके तीनों खा लेंगे । रात को जब आकाश पर देवताओं की सभा हुई, और दिन का हिसाब-किताब हुआ, तो उन्होंने निर्णय किया कि किसान के दान के सामने महाराजा के दान का कुछ भी महत्त्व नहीं है।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# शरीर में दिख रहे ये 5 लक्षण होते हैं प्री-डायबिटीज का संकेत, इग्नोर करना पड़ सकता है भारी

भारत में डायबिटीज यानी मधुमेह तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या बन चुकी है। जहां पहले यह समस्या ज्यादातर बुजुर्गों में देखने को मिलती थी, वहीं आजकल युवा और बच्चे भी इसका तेजी से शिकार हो रहे हैं। लेकिन यह बीमारी अचानक नहीं होती, बल्कि इसके पहले एक अवस्था आती है जिसे प्री-डायबिटीज कहा जाता है। यह वह स्थिति है जब आपके रक्त में शुगर का स्तर सामान्य से अधिक होता है, लेकिन इतना नहीं कि उसे डायबिटीज कहा जाए। प्रीडायबिटीज को चेतावनी संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए, क्योंकि यह बताता है कि शरीर में इंसुलिन का प्रभाव कम हो रहा है और ब्लड शुगर नियंत्रण से बाहर जाने लगा है।

**प्री-डायबिटीज के लक्षण :** प्री-डायबिटीज के लक्षण अक्सर बहुत हल्के होते हैं या कई बार नजर ही नहीं आते। फिर भी कुछ संकेत हैं जो इस स्थिति की ओर इशारा करते हैं, जैसे बार-बार प्यास लगना, पेशाब आना, थकान महसूस होना, पेट के आसपास चर्बी बढऩा, या स्किन पर काले धब्बे दिखना (खासकर गर्दन या बगल में)। अगर ऐसे लक्षण बार-बार महसूस हों, तो डॉक्टर से सलाह लेकर ब्लड शुगर की जांच जरूर करवानी चाहिए।

**प्री-डायबिटीज से बचाव के उपाय :** वजन कंट्रोल करें -अच्छी बात यह है कि प्री-डायबिटीज को डायबिटीज में बदलने से रोका जा सकता है। इसके लिए सबसे जरूरी है वजन पर नियंत्रण रखना। शोध बताते हैं कि शरीर का सिर्फ 5-7त्न वजन घटाने से डायबिटीज का खतरा लगभग आधा हो जाता है। उदाहरण के लिए, यदि आपका वजन 80 किलो है, तो सिर्फ 4-5 किलो कम करना भी बड़ा फर्क डाल सकता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपकी आय में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा और आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, इसलिए प्रत्येक काम को करने के लिए तत्पर रहेंगे। यदि आपको कोई शारीरिक समस्या थी।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। धन को लेकर यदि कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होगी और आपका डूबा हुआ धन भी आपको मिलने की संभावना है। बिजनेस में कुछ उतार-चढ़ाव लगे रहेंगे।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए किसी वाद-विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। आपका किसी करीबी से वाद-विवाद खड़ा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको महिला मित्र से सावधानी बरतनी होगी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ा टास्क मिलेगा, जिसे आप आसानी से पूरा करेंगे। आप अपने कामों से लोगों का दिल जीतेंगे।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में ठीक-ठाक रहने वाला है। धन को लेकर आपको थोड़ा सावधानी बरतनी होगी। यदि आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे थे।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए कड़ी मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। नौकरी में मन मुताबिक काम मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं लगेगा। आर्थिक मामलों को लेकर आपको थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। करियर में आपको कोई अच्छी सफलता हासिल होगी। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अच्छा इन्वेस्टमेंट करने का मौका मिलेगा। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। खर्चों के कारण आपकी जीवनसाथी से कहासुनी हो सकती है। आपको खर्चों को कंट्रोल करना होगा, नहीं तो भविष्य में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अपनी पारिवारिक मामलों को लेकर यदि कोई टेंशन है, तो आप उसे परिवार के सदस्यों से बातचीत करके निपटा लें, तो आपके लिए अच्छा रहेगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए अपने कामों में सोच समझकर बदलाव करने के लिए रहेगा। आपका मन परेशान रहेगा। आप काम को लेकर आलस्य करेंगे, जो बाद में आपके लिए टेंशन बनेंगे।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचने के लिए रहेगा। आपकी किसी बात को किसी पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में लड़ाई-झगड़ा खड़ा हो सकता है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आज आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपको अपनी चिंताओं को लेकर अपने जीवनसाथी से बातचीत करनी होगी।

## देवली में मनाई गई पंडित जवाहरलाल नेहरू जयंती, कांग्रेसियों ने दी पुष्पांजलि



बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** यहां कांग्रेसियों ने भारत देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की जंयती मनाई । इस अवसर रमेश गणेश प्रिंटर्स ने जानकारी में बताया कि नेहरू जयंती पर स्थानीय नगरपालिका परिसर में नेहरू उद्यान मैं स्थापित नेहरू प्रतिमा पर कांग्रेसियों द्वारा पुष्पांजलिअर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कांग्रेसी वक्ताओं ने नेहरू की जीवनी पर प्रकाश डाला और और उनके कार्यकाल दौरान देश में पंच वर्षीय योजना,प्रथम एवं एशियाई खेल,आइ आइ एम, आई आई टी, एम्स भाखड़ा नांगल बांध जैसे किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ जिंदल, पूर्व अध्यक्ष मुकेश गर्ग, विनोद पुजारी, टीकम चंद सेन, रमेश गोयल, किसान नेता पार्षद सत्यनारायण सरसडी, सत्य नारायण बूलिया,वरिष्ठ पार्षद कुन्दन नथैया, पार्षद पंकज जैन,राम निवास मीणा, रोहित चंदेल, राजीव जैन नीरज शर्मा, राहुल सुवालका मोती लाल ठागरिया,डा प्रेम चंद तुनगारिया। राजू पाठक अम्बा लाल मौर्य, आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद भी नहीं खुला पदभार का रास्ता

# पंचायत समिति कार्यालय पर ताला, अधिकारियों की खुली अवहेलना

बढ़ता राजस्थान

जहाजपुर (गोविंद सिंह सेठी)। सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने और राजस्थान सरकार की ओर से स्पष्ट आदेश जारी होने के बावजूद जहाजपुर पंचायत समिति की प्रधान सीता देवी गुर्जर को पदभार ग्रहण करने से रोकने जैसा मामला सामने आया है।

राजस्थान सरकार के पंचायती राज विभाग ने प्रधान सीता देवी गुर्जर को पुनः पदभार ग्रहण करने की अनुमति दे दी थी। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनके निलंबन आदेश पर अंतरिम रोक लगाए जाने के बाद लिया गया था। विभागीय आदेश में स्पष्ट किया गया था कि प्रधान गुर्जर के विरुद्ध लगाए गए आरोपों से संबंधित निलंबन आदेश क्रमांक 8676292, दिनांक 5 जुलाई 2024 की प्रभावशीलता को माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने स्थगित कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने एसएलपी (सिविल) 47408/2025 पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार के आदेश को अगली सुनवाई तक रोक रखा था।



इसी अंतरिम आदेश की अनुपालना में अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उप सचिव त्रिलोक चंद मीणा द्वारा प्रधान को पुनः पदभार ग्रहण करवाने के निर्देश जारी किए गए थे। लेकिन हकीकत में आदेशों की उड़ गई धज्जियां। जब प्रधान सीता देवी गुर्जर अपने समर्थकों के साथ पदभार ग्रहण करने पंचायत समिति कार्यालय पहुँचीं, तो वहाँ का दृश्य चौंकाने वाला था। पदभार ग्रहण कक्ष के दरवाजे पर ताला झूल रहा था। कार्यालय में एक भी अधिकारी मौजूद नहीं था। सुप्रीम कोर्ट और राज्य सरकार के आदेशों की खुलेआम अवहेलना दिखाई दी। इस घटनाक्रम के बाद जहाजपुर की राजनीति में नई हलचल तेज हो गई है। स्थानीय राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि आखिर इतने स्पष्ट आदेशों के बावजूद अधिकारियों ने पदभार ग्रहण प्रक्रिया से दूरी क्यों बनाई? सुप्रीम कोर्ट से राहत और सरकार द्वारा जारी आदेशों के बाद उम्मीद थी कि प्रधान तुरंत अपना कार्यभार संभालेंगी। लेकिन ताला लगे कमरे और अधिकारियों की गैरमौजूदगी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या यह प्रशासनिक लापरवाही है? या फिर राजनीतिक दबाव? फिलहाल मामला गरमाया हुआ है और लोगों की निगाहें आगे होने वाली कार्रवाई पर टिकी हैं।

## विवेकानन्द स्कूल में बच्चों ने बाल मेले का लुत्फ उठाया



बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं बच्चों के प्रिय चाचा नेहरू की जयन्ती ( बाल दिवस ) के अवसर पर शुक्रवार को विवेकानन्द पब्लिक स्कूल टोंक के इंग्लिश मीडियम केम्पस में भव्य बाल मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेकानन्द शिक्षा समिति के सचिव रमेश काला व निदेशक विवेक काला द्वारा फीता काटकर बाल मेले का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि सेवानृवित्त सुमन काला व अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज कुमार शर्मा ने की। मीडिया प्रभारी ज़हीर अहमद ने बताया कि विवेकानन्द हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वादिष्ट व्यंजन जैसे पेस्ट्री, पेटीज़, समौसे, पानी पुरी, भेल पुरी, कोल्ड्रींक, दाल, पकवान, सेंडविच तैयार करके खाने-पीने की वस्तुओं की आकर्षक 25 स्टालें लगाई गयी। विद्यालय में आयोजित बाल मेले में स्कूली लगभग 1200 बच्चों ने उल्लास के साथ लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। बाल मेले में मॉस्क, हॉरर शो एवं भूत बंगाला आदि का बच्चों ने जमकर आनन्द लिया। मेले में बच्चों व अभिभावकों की अच्छी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी मोअज़्ज़म अहमद, गणपत तसेरा, हेतराज महावर, पवन महावर, विनोद स्वामी, नीरज नीमावत मुमताज़ जमानी, संतोष कपूर, सोलत जहाँ, सरिता मित्तल, प्रिया चौहान, शहीरा बानो, शानू साहू, फायज़ा, फरहीन, संगीता महावर, सहरीन सहित, अभिलाषा पादीदार, महक मेम, मेहरीन मेम, अभिषेक कर्णावत, महेष शर्मा, अनिल कुमार सेन, शालू शर्मा, पंकज काला, जितेन्द्र रघुवंषी, विवेकानन्द हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## शहर में अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई, बुल्डोजर से हटाए अवैध ढांचे




बढ़ता राजस्थान

टोंक( पुरूषोत्तम जोशी )। शहर में लगातार पैर पसार रहे अतिक्रमण को लेकर नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल चौधरी एक्शन मोड में आ गए है। शहर के मुख्य मार्ग पर फूटपाथ पर थडिया लगाकर अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमियों पर पिछले दो दिनो से लगातार कार्रवाई जारी है। शुक्रवार को भी शहर के विवेकानंद सर्किल से लेकर डीपो चौराहे तक नगर परिषद के अतिक्रमण दस्ते के राजस्व अधिकारी सौरभ गर्ग के नेतृत्व में बुल्डोजर से अवैध कैबिनों,थडियों और अस्थाई अतिक्रमण को ध्वस्त कर सामान को जप्त किया गया।

नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल चौधरी की इस कार्रवाई का थड़ी संचालकों द्वारा विरोध भी जताया गया। डीपो चौराहे से हेमू कालानी सर्किल तक अतिक्रमण हटाने के दौरान अतिक्रमियों ने बखेड़ा खड़ा कर दिया और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, लेकिन नगर परिषद के अतिक्रमण दस्ते ने अपनी कार्रवाई लगातार जारी रखी है।

कार्रवाई को लेकर राजस्व अधिकारी सौरभ गर्ग ने बताया कि हाईकोर्ट की ओर से सडक़ सुरक्षा को लेकर आदेश जारी किए थे जिसमें राजस्थान सरकार के गृह विभाग ने भी आदेश जारी कर सडक़ किनारे अतिक्रमण को तुरंत प्रभाव से हटाने के लिए निर्देशित किया है। इन आदेशों की पालना में लगातार नगर परिषद की ओर से कार्रवाई जारी है। राजस्व अधिकारी सौरभ गर्ग ने सडक़ दुर्घटनाओं का भी हवाला देते हुए कहा कि शहर में भी ऐसी घटनाएं ना हो इसके लिए लगातार कार्रवाई जारी है। पिछले दिनों जयपुर से लेकर जैसलमेर, जोधपुर में बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी है ऐसे में टोंक शहर में कोई बड़ी दुर्घटना ना हो इसके लिए आज अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। अतिक्रमियों के विरोध पर भी राजस्व अधिकारी सौरभ ने कहा कि कई बार इनकों चेतावनी दी गई है बिते दिन भी अतिक्रमियों को चेतावनी दी गई थी कि अतिक्रमण को हटा लिया जाए लेकिन इन्होने अपना अतिक्रमण नहीं हटाया, आगे भी शहर में जहां से भी अतिक्रमण की शिकायतें मिलेगी तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## जिला स्वास्थ्य मिशन की बैठक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** जिला स्वास्थ्य मिशन की बैठक जिला प्रमुख कक्ष में जिला प्रमुख सरोज बंसल की अध्यक्षता आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शेलेन्द्र सिंह चौधरी ने जिला स्वास्थ्य मिशन की बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग टोंक द्वारा चल रही स्वास्थ्य योजना की प्रगति से अवगत कराया। जिसमें सर्वप्रथम जिले स्वास्थ्य की स्थापित ईकाईयों के बार में बैठक में सभी को अवगत कराया। इसके बाद में जिले में बजट घोषणा में स्वीकृत कार्या की प्रगति के संबंध में अवगत कराया, जिसमें बजट घोषणा में 9 चिकित्सा संस्थानों को क्रमोन्नत किया गया एवं 5 उपस्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत किये गये है। विभाग की संचालित योजनाओं मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, एएनसी, पीएनसी टीकाकरण, जननी सुरक्षा योजना, लाडो योजना, नसबन्दी, मॉ वाउचर की प्रगति से भी अवगत कराया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में चल रही निर्माण कार्या की योजना से भी बैठक में अवगत कराया गया। जिला प्रमुख सरोज बसंल ने बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सर्व प्रथम तो स्वास्थ्य विभाग के कार्यालयों को प्लास्टिक मुक्त करने का अभियान चलाया जावे तथा साथ ही चिकित्सालयों को भी प्लास्टिक मुक्त किया जावे, जिसमें चाय के प्रयोग में आने वाले डिस्पोजल कप, प्लास्टिक की थैलियों प्रयोग पर कार्यालयों एवं चिकित्सा संस्थानों में बैन किया जावे। कार्यालयों एवं चिकित्सालयों में साफ.-सफाई जारी रखी जावे तथा टायलेट यूरिनल साफ रखे जावे तथा वाटर कूलर हेतु प्रयोग होने वाली टंकियों की समय-समय पर सफाई करवायी जावे। प्लास्टिक मुक्त करने पर जिले के जन-प्रतिनिधियों की एक कार्यशाला का भी आयोजन किया जावे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की चली रही योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जावे, जिससे आमजन को योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, प्रधान पंचायत समिति देवली बनवारी लाल चौधरी, प्रशासक ग्राम पंचायत हिसामपुर राजेन्द्र नागर, मुख्य आयोजना अधिकारी चारू पारीक, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी टोंक डॉ. हनुमान प्रसाद बैरवा, सहायक अभियन्ता सीएल बुनकर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक देवराज गुर्जर, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक सिंगाराम गुर्जर, जिला लेखा प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मनोज कुमार लुहारिया, जिला कार्यक्रम समन्वयक अजय सिंह पंवार आदि मौजूद थे।

## बिजली के ट्रांसफार्मर हटाओ, सब्जी विक्रेताओं को नहीं

बढ़ता राजस्थान

**टोंक/नगर फोर्ट (कमलेश गौतम)** । तहसील मुख्यालय के कचहरी चौक में 40 वर्षों से लगने वाली सब्जी मंडी के विक्रेताओं ने वहां बैठने पर पुलिस द्वारा पाबंद करने पर कार्यवाहक तहसीलदार को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन देने वाले विक्रेताओं में से राजू सैनी ने बताया कि की कचहरी चौक में करीब चालीस वर्षों से सब्जी मंडी लगती हे वहा पर सार्वजनिक स्थान ओर आबादी क्षेत्र में लगभग 2008 में बिना पंचायत एन ओ सी के बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मर लगा दिए जिससे आबादी क्षेत्र में आए दिन दुर्घटना की संभावना रहती है। कई बार भीषण आग लग चुकी हे कभी भी बड़ी जन हानि हो सकती है इन ट्रांसफार्मर को



आबादी क्षेत्र से हटाने को लेकर कस्बे वासियों ने कई बार स्थानीय विधायक , सांसद,ओर जिला प्रमुख सहित बिजली विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन दिया है। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई उल्टा सब्जी विक्रेताओं को वहा से हटाए जाने को लेकर पाबंद किया जा रहा हे स्थानीय जन प्रतिनिधि कमलेश गौतम,व्यापारी अनिल जैन,अनवर अली,अभिषेक जैन,गोविंद नामा,ने ट्रांसफार्मर हटाने की मांग की

## छात्र छात्राओं को यातायात के नियमों की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** पीएम श्री राउमावि निवाई में शुक्रवार की दोपहर जिला यातायात पुलिस व परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय के छात्र -छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई।

यातायात प्रभारी घासीराम ने बताया कि वाहनों का प्रयोग करते समय चौपहिया वाहनों में सीट बेल्ट व दुपहिया वाहनों में हेलमेट का उपयोग आवश्यक रूप से करें। जिससे दुर्घटना होने पर चोटिल होने से बचाव हो सके। राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहन चलाते समय सावधानी के साथ यातायात के नियमों की पालना करें। अपने वाहन को सुरक्षित रखने के लिए समय-समय पर सर्विस करवाते रहें। परिवहन निरीक्षक अशोक कुमार ने छात्र-छात्राओं को बताया कि बालिग होने पर ही वाहनों चलाएं। नाबालिग होने पर वाहन चलाने के दौरान दुर्घटना होने पर आपके माता-पिता जिम्मेदार होंगे। लाइसेंस होने पर ही वाहन चलाएं।परिवहन विभाग द्वारा लाइसेंस प्रक्रिया को बहुत आसान कर दिया है। ई मित्र सेन्टर पर जाकर लर्निंग लाइसेंस का ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं।

जिला परिवहन कार्यालय द्वारा लर्निंग लाइसेंस बन जाने पर आपको लाइट व हैवी लाइसेंस के लिए विभाग द्वारा समय व तारीख दी जाती है। दिए गए समय व तारीख के अनुसार परिवहन कार्यालय पहुंचकर प्रक्रिया को पूर्ण किया जाता है। इसके बाद एक सप्ताह में लाइसेंस आपके घर पर डाक द्वारा पहुंचा दिया जाएगा।

प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

# कांग्रेसियों ने पंडित नेहरू को किया याद

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** आधुनिक भारत के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री हरिप्रसाद बैरवा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी ने नेहरू पार्क टोंक स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने पंडित जवाहरलाल नेहरू को नमन करते हुए कहा कि भारत की आज़ादी से लेकर एक मजबूत, आधुनिक और प्रगतिशील राष्ट्र की नींव रखने में असाधारण योगदान देने वाले देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी हैं



उनके विचार, मूल्य और दूरदृष्टि आज भी हम सभी के लिए निरंतर प्रेरणा हैं। जिला सोशल मीडिया प्रभारी जर्रार खान ने बताया की पूर्व विधायक कमल बेरवा सरपंच संघ उपाध्यक्ष हंसराज फागणा ब्लॉक अध्यक्ष कैलाशी देवी मीणा सेवा दल अध्यक्ष अब्दुल खालिक जिला महामंत्री अशोक महावर रामलाल संडीला राहुल सैनी,धर्मेंद्र सालोदिया सीपी श्रीवास्तव, मनिंदर बेरवा आकाश बेरवा,वासीद नूर, कमलेश चावला मंडल अध्यक्ष मूलचंद बेरवा मोहम्मद शकील पूर्व पार्षद शकील मियां मूलचंद बेरवा नवीन बेरवा पारस बेरवा आदि के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शाहपुरा मुख्य पीठ पर रामस्नेही संप्रदाय की व्यवस्थाओं को लेकर विशेष शिविर आज से



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** शाहपुरा स्थित मुख्य पीठ श्री रामनिवास धाम में रामस्नेही संप्रदाय की संवैधानिक एवं परंपरागत व्यवस्थाओं पर व्यापक चिंतन के उद्देश्य से 15 नवम्बर 2025 से 20 नवम्बर 2025 तक पांच दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी आचार्य श्री रामदयालजी महाराज के पावन सान्निध्य में तथा श्री भंडारीजी महाराज की आज्ञा एवं निर्देशन में संपन्न होगा। धाम से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस विशेष शिविर में संप्रदाय से जुड़े महत्वपूर्ण एवं आधारभूत विषयों पर संतों, सद्गृहस्थों, प्रतिनिधियों तथा परंपरागत रामस्नेही परिवारों से मौखिक एवं लिखित दोनों रूपों में सुझाव और विचार आमंत्रित किए गए हैं। इस शिविर का उद्देश्य संप्रदाय की परंपराओं, व्यवस्थाओं एवं भावी मार्गदर्शन पर सामूहिक मंथन करना है।

बिहार विधान सभा चुनाव

# बिहार में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने टोंक में मनाया जश्न

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** बिहार विधानसभा चुनाव में शुक्रवार को घंटाघर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोडकर मिठाई बांटकर बिहार चुनाव में प्रचंड जीत का जश्न मनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यकर्ताओं ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में भाजपा गठबंधन की जीत पर बधाई दी गई। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने इस ऐतिहासिक जीत को सत्य की जीत बताया।

उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने सुशासन, विकास एवं राष्ट्रवादी विचारधारा पर अपना भरोसा जताया हैं। यह जीत जन-जन के विश्वास की जीत है



तथा विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को करारा जवाब हैं। उन्होंने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तरक्की के राह पर चल रहा है तथा देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

बिहार का जनादेश इसकी पुष्टि करता है। इस अवसर पर पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष गणेश माहुर, सतीश चंदेल, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, नरेश बंसल, ओम प्रकाश पांडे, रामनिवास गुर्जर, राजेश शर्मा, हरिराम यादव, नीलिमा आमेरा, महेंद्र सिरोठा, जूली शर्मा, हेमंत सैनी, धोलू गुर्जर, श्योराज जाट, शम्भू शर्मा, राहुल गुर्जर, मनीष सिसोदिया, बलवंत मराठा, पंकज पहाडिया, राजेश मंगल, लोकेश गुप्ता, देवराज गुर्जर, आशीष शर्मा, चौथमल विजय, मुकेश सैनी, ममता शर्मा, हर्षिता जैन, तौसीफ खान, विकार खान, राहुल गुर्जर, अजय डोई, वैभव पाटनी, सुभाष सैनी सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनजाति गौरव दिवस पर विविध कार्यक्रम आज

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजाति गौरव दिवस 15 नवंबर शनिवार को जिले में भव्य रूप में मनाया जाएगा। इस उपलक्ष में प्रातः 9 बजे श्री बालकृष्ण स्टेडियम, कांकरोली से शोभायात्रा रवाना होकर पंचायत समिति राजसमंद तक निकाली जाएगी। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे जिला परिषद सभागार में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें भगवान बिरसा मुण्डा की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि के साथ जनजाति लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे तथा राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा द्वारा आमजन से आग्रह किया गया है कि वे इस विशेष अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता सुनिश्चित कर जनजातीय गौरव दिवस को सार्थक बनाएं।

# वेदांता का नंद घर - 16 राज्यों में 10,000 केंद्रों की ऐतिहासिक उपलब्धि



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** इस बाल दिवस पर वेदांता समूह की सामाजिक प्रभाव इकाई, अनिल अग्रवाल फाउंडेशन ने भारत की सामाजिक विकास यात्रा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि की घोषणा की। वेदांता की प्रमुख सामाजिक पहल नंद घर ने 16 राज्यों में 10,000 से अधिक केंद्र स्थापित कर लिए हैं, जो प्रतिदिन देशभर में 4 लाख से अधिक बच्चों और 3 लाख महिलाओं के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहे हैं। राजस्थान के 27 जिलों में 6500 से अधिक नंद घर हैं, हिंदुस्तान जिंक इन आधुनिक आंगनवाड़ियों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, जिससे प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास, स्वस्थ माताओं और सशक्त ग्रामीण महिलाओं को बढ़ावा मिल रहा है, जिसका लगभग 3.7 लाख महिलाओं और बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। नंद घर भारत की आंगनवाड़ी प्रणाली को आधुनिक बनाकर महिलाओं और बच्चों को बेहतर पोषण, प्रारंभिक शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और कौशल विकास के माध्यम से सशक्त कर रहा है। भारत सरकार की एकीकृत बाल विकास योजना आईसीडीएस जो इस वर्ष 50 वर्ष पूरे कर रही है, के अनुरूप नंद घर पारंपरिक आंगनवाड़ियों को आधुनिक, तकनीक-सक्षम, प्रभावी केंद्रों में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हर नंद घर एक परिवर्तन का मॉडल है। स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लर्निंग उपकरण, ठंड्। डिजाइन, विश्वसनीय बिजली, स्वच्छ पेयजल, साफ-सुथरे शौचालय, और बच्चों के अनुकूल फर्नीचर से सुसज्जित। यह 3द्6 वर्ष के बच्चों के लिए सुरक्षित, समावेशी और प्रेरणादायक स्थान प्रदान करता है। प्रारंभिक शिक्षा के साथ-साथ नंद घर पोषण कार्यक्रम, स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण अभियान और महिलाओं के कौशल विकास के माध्यम से पूरे समुदाय को सशक्त बनाने वाले केंद्र के रूप में कार्य करता है।

# गत दिनो बांसवाड़ा जिले में दरिंदगी की शिकार हुई मासूम पीड़िता की मदद को आगे आया राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन

## नर्सेज ने की 52,551 रुपए की आर्थिक सहायता

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** गत दिनों बांसवाड़ा जिले में दरिंदंगी का शिकार हुई एक मासूम पीड़िता, जिसका इलाज महाराणा भूपाल चिकित्सालय उदयपुर मे चल रहा है। पीड़िता का परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहा है। दाने दाने का मोहताज था।

जिस पर संज्ञान लेते हुए राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन उदयपुर के जिला अध्यक्ष प्रवीण चरपोटा ने आर्थिक सहयोग की पहल की। नर्सेज के आर्थिक सहयोग से 52,551 रूपये एकत्र किए। जिलाध्यक्ष प्रवीण चरपोटा के नेतृत्व मे 52,551 रुपए की आर्थिक सहायता पीड़ित परिवार को प्रदान की गई। सम्भागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया ने बताया कि अस्पताल में नर्सेज हमेशा रोगियों की सेवा में लगीं रहतीं हैं।

नर्सेज सेवा के साथ आर्थिक सहयोग करने में भी पीछे नहीं रहतीं हैं। सेवा, सहयोग व समर्पण की भावना से नर्सेज हमेशा कार्य करतीं हैं। ऐसे कार्य पूर्व में भी कई बार कर चुके हैं।

कार्यक्रम में घनश्याम नंदू ट्रावेल्स, नर्सिंग अधीक्षक ओमप्रकाश पालीवाल, नूरानी मेईडा, पूर्व नर्सिंग अधीक्षक सीएल परमार, प्रशासनिक अधिकारी एचएल मीना, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर लोकेश अहारी, कृष्ण अवतार गुप्ता, लालचंद ऐचरा, दिनेश मीना, कुलदीप कतीजा, परमेश्वर बामनिया सहित कई लोग उपस्थित थे।

# दो दिवसीय पंचम अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष वास्तु आयुर्वेद महासम्मेलन का आयोजन गीता भवन में आज से

## कोटा में जुटेंगे देश-विदेश के प्रमुख ज्योतिष विद्वान, ज्योतिष, वास्तु, हस्त रेखा, टेरो कार्ड एवं आयुर्वेद पर देंगे विशेष समाधान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,।** अथर्वा आदित्य सेवा संस्थान (रजि.), कोटा द्वारा दो दिवसीय पंचम अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष वास्तु आयुर्वेद महासम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 15 व 16 नवंबर को सुबह 11 बजे से गीता भवन में किया जाएगा। अथर्वा आदित्य सेवा संस्थान (रजि.), कोटा के संस्थापक अध्यक्ष आदित्य कुमार शास्त्री ने बताया कि कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा व भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन अतिथि के रूप में भाग लेंगे। शास्त्री ने बताया कि कार्यक्रम में देश के ख्याति प्राप्त 200 से अधिक ज्योतिष व विद्धान भाग लेंगे, जो ज्योतिष, वास्तु, हस्त रेखा, टेरो कार्ड एवं आयुर्वेद पर विशेष समाधान देंगे। साथ ही ज्योतिष विद्वान विभिन्न विषयों पर अपने शोध पत्र का वाचन करेंगे। कार्यक्रम में नेपाल के प्रमुख ज्योतिष विद्वान भाग लेंगे। कार्यक्रम में कुंडली का निशुल्क विश्लेषण किया जाएगा। शास्त्री के अनुसार इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को ज्योतिष, आयुर्वेद, वास्तु और टैरो कार्ड के बारे में जानकारी प्रदान करना है। जिससे वे अपने जीवन को बेहतर बना सकें।

# एसआईआर- जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का आह्वान

## सूरतगढ पंचायत समिति सभागार में बैठक लेकर दिए ईएफ वितरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य श्रीगंगानगर जिले में जारी है। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ घर-घर जाकर ईएफ (एन्युमरेशन फॉर्म) वितरण कर रहे हैं।

गुरूवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने बीएलओ द्वारा वितरित किये जा रहे ईएफ कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने आमजन और मतदाताओं से मिलकर विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की जानकारी देते हुए मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने का आह्वान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने गुरूवार को सूरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने भाग संख्या 37 में श्री देवकरण, श्री ओमप्रकाश, श्री गिरधारी लाल, श्री छोटूराम, श्री नानूराम सहित अन्य मतदाताओं के घर पहुंचकर उन्हें विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदाता से यह जानकारी ली जाए कि वह पूर्व में कहां निवास करता था। यदि उसका पुराना ईपिक नंबर उपलब्ध है तो उसके आधार पर नाम तलाश कर मैपिंग की जाए। जिन मतदाताओं का ईपिक नंबर नहीं है, उनके पुराने निवास स्थान की जानकारी लेकर वर्ष 2002 की मतदाता सूची से नाम ढूंढा जाए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की मैपिंग नहीं हो पाई है, उनसे उनके या उनके माता-पिता के वर्ष 2002 में निवास स्थान की जानकारी लेकर मैपिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गणना प्रपत्रों का वितरण बढ़ाया जाए। जिन लोगों के नाम वर्ष 2002 की सूची में नहीं मिल रहे हैं और बीएलओ ऐप पर मैपिंग नहीं हो पा रही है, उनके नाम ढूंढने में मदद की जाए। उन्होंने संबंधित ईआरओ को बीएलओ के साथ वालंटियर्स की नियुक्ति आवश्यक रूप से करने के निर्देश दिए। निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं संबंधित ईआरओ को निर्देशित किया कि बीएलओ ऐप पर शत-प्रतिशत मैपिंग का कार्य पूरा किया जाए। निरीक्षण के बाद उन्होंने पंचायत समिति सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य से जुड़े कार्मिकों की बैठक लेकर अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुभाष कुमार, एडीएम सूरतगढ दीनानाथ बबल, सूरतगढ ईआरओ भारत जयप्रकाश मीणा, नायब तहसीलदार, बीडीओ सहित अन्य मौजूद रहे।

# सेवंत्री में क्रेता-विक्रेता मिलन समारोह से ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को मिला मंच

## महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में सेवंत्री में हुए प्रयास सराहनीय -जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिले के सेवंत्री स्थित ट्रेनिंग, डेमोंस्ट्रेशन एवं लाइवलीहुड रिसोर्स सेंटर में जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में क्रेता-विक्रेता मिलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना, उनके उत्पादों के लिए बाजार से जोड़ना एवं टिकाऊ आजीविका के अवसरों का विस्तार करना रहा। राजीविका बीपीएम तनवीर ने बताया कि जिला कलेक्टर ने उपस्थित महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहें। उन्होंने प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया ताकि महिलाएं सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। कार्यक्रम में रणबंका बाला ट्रस्ट की अध्यक्ष श्वेता राठौड़ एवं कार्तिकेय सिंह राठौड़ ने महिलाओं से संवाद किया और केंद्र पर चल रहे आजीविका संबंधी कार्यों की जानकारी ली। अपने संबोधन में राठौड़ ने घोषणा की कि रणबंका बालाजी ट्रस्ट द्वारा केंद्र में निर्मित सभी उत्पाद, विशेष रूप से सीताफल पल्प एवं जामुन पल्प की संपूर्ण खरीद की जाएगी। इससे महिलाओं को स्थायी बाजार उपलब्ध होगा और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। गो प्योर आइसक्रीम के संस्थापक आशीष ने उत्पाद विविधीकरण, पैकेजिंग सुधार एवं गुणवत्ता वृद्धि के संबंध में तकनीकी सुझाव प्रदान किए, ताकि उत्पाद बाजार में प्रतिस्पर्धी बन सकें और महिलाओं को बेहतर मूल्य प्राप्त हो सके। विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने अपने अनुभव एवं चुनौतियाँ साझा की, जिन्हें संबंधित अधिकारियों एवं विशेषज्ञों द्वारा संज्ञान में लेकर आवश्यक कार्यवाही के लिए दर्ज किया गया। कलक्टर ने अपने निरीक्षण के दौरान सीताफल प्रोसेसिंग यूनिट का अवलोकन किया और कौशल उन्नयन, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विस्तार एवं नवीन तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार हो सके। कार्यक्रम के समापन पर पर्यावरण संरक्षण की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु पौधों का वितरण किया गया तथा सामुदायिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया।

# शिलान्यासः कुमा गांव तक पहली बार पहुंचेगी डामर सड़क

## आवागमन में दुविधा झेल रहे ग्रामीणों को मिली सौगात



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** कालन्द्री क्षेत्र में कुमा गांव पहली बार डामर सड़क से जुड़ेगा। ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज एवं आपदा प्रबंधन विभाग राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने शुक्रवार को 295 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। उनके प्रयासों से बजट घोषणा 2025-26 में कुमा से वलदरा पांच किमी सड़क की स्वीकृति मिली है। सड़क की सौगात मिलने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। वहीं, आवागमन में भी अब सुविधा मिल सकेगी। पूर्व उपमंत्री भूपेन्द्र देवासी, हार्दिक देवासी, सरतरा प्रशासक पेपीदेवी देवासी समेत कई लोग मौजूद रहे।

**विकास कार्यों में कमी नहीं आएगीः** समारोह में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि क्षेत्र विकास में कोई कमी नहीं आएगी। भरपूर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता है। विकास सम्बंधी कार्यों के लिए वे हमेशा तत्पर रहने का भरोसा दिलाया। इस दौरान जिला प्रमुख अर्जुनराम, प्रधान हसमुखकुमार आदि ने विचार व्यक्त किए।

# रोशन होने से पहले ही फीकी पड़ रही उद्योगों की चमक

## मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी से समस्या झेल रहे उद्यमी

## सिरोही औद्योगिक क्षेत्र में बिजली के पुख्ता प्रबंध तक नहीं

बढ़ता राजस्थान


**सिरोही ( जीतेश रावल )।** शहर का औद्योगिक क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से महरूम है। यहां बिजली के पुख्ता प्रबंध तक नहीं है। ऐसे में रात को आवागमन करते समय मजदूर व उद्यमी अंधेरे में मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। रोशनी के अभाव में चोरी की वारदातों का भी भय बना हुआ है। कहने को रीको क्षेत्र में उद्योग पनपाने का दंभ भरा जा रहा है, लेकिन धरातल पर सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। ऐसे में रोशन होने से पहले ही उद्योगों की चमक फीकी पड़ रही है।


### अर्से से दुर्दशा झेल रहा औद्योगिक क्षेत्र

शहर से सटा रीको क्षेत्र अर्से से दुर्दशा झेल रहा है। बिजली-पानी व सफाई की माकूल सुविधाएं नहीं होने से उद्यमियों का इससे मोह भंग हो रहा है। यहां तक कि सुविधाओं के अभाव में बड़े उद्योग पनप ही नहीं रहे। रात को अंधेरा पसरा होने से उद्यमियों को भारी दिक्कत उठानी पड़ रही है।

### रीको में बगैर लाइट्स के खड़े पोल

उधर, रीको क्षेत्र में ज्यादातर पोल पर लाइट्स गायब है और बगैर लाइट्स ही खड़े हैं। कुछ जगह जरूर ट्यूब लाइट्स बांधकर रोशनी कर दी गई। इसके तहत कुछ गलियों में रोशनी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है तथा पोल पर तार से बांधकर ट्यूब लाइट्स लगा दी गई। जबकि, बिजली के पोल लगे हुए हैं तो उन पर लाइट होनी चाहिए थी। वैसे यह वैकल्पिक व्यवस्था भी रीको प्रबंधन की ओर से की गई है।





सिरोही. अंधेरे में गुम औद्योगिक क्षेत्र व बिजली पोल पर कुछ इस तरह बांधी ट्यूबलाइट्स।

### बिना काम किए बिल उठा रहे ठेकेदार

रीको क्षेत्र की कई गलियों में रोशनी के प्रबंध नहीं है। कुछ जगहों पर पोल खड़े हैं, लेकिन उन पर न लाइट ही नहीं लगी। बगैर लाइट लगाए ही बिजली ठेकेदार आराम से अपना बिल उठा रहे हैं। ठेकेदार बगैर काम किए अपना बिल किस तरह उठाते हैं यह सोच सकते है।

**नए टेंडर किए है...**

बिजली के लिए हाल ही में नए टेंडर किए हैं। टेंडर खुलने के बाद कार्य सुचारू रूप से चलेगा। रोशनी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर रहे हैं।

**- चेतन बरनवा, रीको क्षेत्रीय प्रबंधक, सिरोही**

# विद्यालय में पंडित जवाहरलाल नेहरू की जंयती धूमधाम से मनाई



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** जंभेश्वर पब्लिक माध्यमिक विद्यालय ने शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई गई। प्रधानाध्यापक विक्रम डाल ने जवाहरलाल नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। व्यवस्थापक मोहित डाल ने बताया कि नेहरू जी बच्चों से अत्यंत प्रेम करते थे ,वे मानते थे कि बच्चे देश का भविष्य है और यदि बच्चों को सही दिशा, सही शिक्षा, सही संस्कार मिले तो देश की प्रगति सुनिश्चित है। बच्चों के प्रति उनके इस स्नेह के कारण ही बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। वरिष्ठ अध्यापिका मीरा देवी ने सभी बच्चों को संकल्प दिलाया कि हम अपने जीवन में कुछ अच्छा करेंगे, न केवल अपने लिए बल्कि अपने देश और समाज के लिए भी। हम अपने सपनों को साकार करने के लिए कठिन मेहनत करेंगे और अपने देश का नाम रोशन करेंगे । इस कार्यक्रम के तहत विद्यालय में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता करवाई गई। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय रहने वाले बच्चो को विद्यालय परिवार की तरफ से सम्मानित किया गया।

# व्यवसाय वृद्धि और डिजिटलीकरण पर दिया जोर

## सिरोही में अखिल भारतीय सहकार सप्ताह शुरू

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** सिरोही केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रधान कार्यालय में शुक्रवार को 72वें अखिल भारतीय सहकार सप्ताह के प्रथम दिवस पर सहकार गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैंक के प्रबंध निदेशक पूनाराम चोयल ने बताया कि सहकार सप्ताह के थीम परिचालन दक्षता, जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना है। कहा कि सहकारी व्यवसाय को बढ़ावा देते हुए डिजिटलीकरण पर जोर देना चाहिए। जयपुर सीसीबी के प्रबंध निदेशक दिनेश शर्मा व अलवर सीसीबी के प्रबंध निदेशक केएन शर्मा ने भी देश में सहकारी क्षेत्र का हिस्सा बढ़ाए जाने के लिए परिचालन दक्षता की ओर विशेष ध्यान देने एवं डिजिटलीकरण को बढावा देने की बात कही। इस दौरान ललित मीणा, रोहितसिंह, छोटेलाल बुनकर, जयपाल गोदारा, मोहम्मद फारूख, जयप्रकाश यादव, जयदेव देवल, विशेष लेखा परीक्षक ऋषभ मरडिया, बैंक मुख्य प्रबंधक दीपिका सोनी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा रक्तदान, स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज जयपुर एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार, 14 नवम्बर 2025 को रक्तदान, स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य सचिव, तकनीकी शिक्षा कुलदीप रांका द्वारा किया गया। रांका ने ब्लड डोनर्स की हौंसला अफ़ज़ाई की और उन्हें स्मृति चिह्न भी प्रदान किए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि निदेशक तकनीकी शिक्षा श्री राजेश शर्मा एवं पूर्व प्राचार्य श्री ओ पी हरकुट ने संस्था द्वारा सामाजिक कार्य करने की प्रशंसा की और रक्तदान को आपातकाल में मददगार बताया। एसोसिएशन अध्यक्ष श्री जी. पी. शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष ब्लड डोनेशन, स्वास्थ्य एवं नेत्र जाँच शिविर तथा सी पी आर डेमोंस्ट्रेशन का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर के आयोजन से सदस्यों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और सजगता पैदा होती है। एसोसिएशन महासचिव और संयोजक श्री दिनेश चंद सैनी ने बताया कि शिविर में लगभग 100 यूनिट रक्त संग्रहण हुआ तथा इसमें स्टाफ, एलुमनाई, खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज, फागी के छात्र छात्राओं का विशेष योगदान रहा। रक्तदान के अलावा शिविर में स्वास्थ्य तथा नेत्र जांच का आयोजन भी किया गया जिसमे सभी कॉलेज के छात्र छात्राएं तथा उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी जाँच करवाई। इस अवसर पर खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज जयपुर के प्रधानाचार्य श्री विनोद जांगिड, इंजीनियरिंग कॉलेज जयपुर, पॉलीटेक्निक कॉलेज फागी प्रधानाचार्य, एसोसिएशन कोऑर्डिनेटर श्री रुघा राम पंवार, श्री संजय शर्मा, डॉ. रितु सिंह, कॉलेज के सभी विभागाध्यक्ष तथा स्टाफ सदस्य एवं एलुमनाई एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री प्रयागराज विजयवर्गीय सहित अन्य पदाधिकारीगण तथा कई सदस्य उपस्थित रहें।

# डीपीएस, उदयपुर की शिक्षिका मनीषा परिहार विज्ञान प्रोधोगिकी विभाग द्वारा सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर की प्रतिभाशाली विज्ञान शिक्षिका श्रीमती मनीषा परिहार ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और नवाचार के बल पर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उदयपुर द्वारा आयोजित विज्ञान शिक्षण सहायक सामग्री प्रतियोगिता में श्रीमती मनीषा परिहार ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी सृजनशीलता और शिक्षण कौशल का परिचय दिया। उन्होंने गति के प्रकार विषय पर तैयार की गई अपनी नवीन शिक्षण सहायक सामग्री के माध्यम से जटिल वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल और रोचक रूप में प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल उनकी रचनात्मकता और प्रभावशाली प्रस्तुति से अत्यंत प्रभावित हुआ। विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों के बीच श्रीमती मनीषा परिहार का प्रदर्शन उत्कृष्ट और प्रेरणादायक रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापिका ने श्रीमती मनीषा परिहार को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी।

# रात की रोशनी में गूंजा कर्तव्य का दीप बीएलओ की निष्ठा बनी मिसाल



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ एवं सुपरवाइजरों द्वारा क्षेत्र में लगातार प्रभावशाली और गहनता से कार्य किया जा रहा है। मोबाइल ऐप में मतदाता संबंधी विवरण ऑनलाइन भरने की प्रक्रिया को भी पूर्ण सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अंजाम दिया जा रहा है।राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अशोक नगर में रात 10 बजे तक बीएलओ अपने कार्य में पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ डटे रहे। देर रात तक जारी उनकी मेहनत और दायित्वबोध को देखकर क्षेत्रवासियों ने मुक्त कंठ से उनकी प्रशंसा की सभी बीएलओ व सुपरवाइजरों की ऐसी सजगता और कर्मनिष्ठा उनके निष्काम कर्तव्यभाव का प्रतीक है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत आधार प्रदान करती है।

# श्री कृष्ण जन्म भूमि संघर्ष न्यास के प्रदेश मंत्री पद पर श्रवण सिंह रावत नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** श्री कृष्ण जन्म भूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष दिनेश फालाहारी महाराज की सहमति से जिला अजमेर के नौलखा निवासी श्रवण सिंह रावत को श्री कृष्ण जन्म भूमि संघर्ष न्यास के प्रदेश मंत्री पद पर नियुक्त किया गया है।संगठन के प्रदेश मंत्री पद पर श्रवण सिंह रावत की नियुक्ति से सनातन धर्मप्रेमियों एवं युवा कार्यकर्ताओं में हर्ष के साथ शुभकामनाएं प्रेषित करने का दौर जारी रहा। इधर नवनियुक्त प्रदेश मंत्री श्रवण सिंह रावत अखिल भारतीय हिंदू महासभा राजस्थान युवा प्रदेशाध्यक्ष पद का निर्वहन करते हुवे विभिन्न सेवा कार्यों में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।इस नवीन नियुक्ति के अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री कैलाश रावत किशनगढ़,प्रदेश महामंत्री चंदर सिंह गोवलिया सहित क्षेत्रीय गणमान्यजनों द्वारा प्रदेश मंत्री रावत का हर्षोल्लासपूर्वक स्वागत अभिनंदन किया गया।

# बाल दिवस के अवसर पर खेल गतिविधि आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा )** । राजस्थान सरकार द्वारा बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त राजस्थान अभियान के तहत बाल दिवस के अवसर पर बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशानुसार राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय आरजिया में बालिकाओं ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ ही बाल विवाह, बाल श्रम, बालिका शिक्षा पर जानकारी दी गई और बताया बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता है एवं बालिकाओं के साथ खेल गतिविध आयोजित की गई । विजेता रहे सहभागी नेहा, शंकरी, निर्मल, गौरव, प्रिंस, लक्ष्यराज , नितेश को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस जागरूकता गतिविधि में जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी अनुराधा तोलंबिया एवं चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर राधेश्याम गुर्जर एवं केस वर्कर सुमन साहू, विद्यालय प्रधानाचार्य महावीर शर्मा अध्यापिका मधु ,रजनी,सुमन, शीतल, रक्ष्मी ,सबीना,अध्यापक मशर्रत, राजेंद्र सहित छात्राए मौजूद रही।

# बिहार के प्रचंड जनादेश ने सुशासन पर भरोसा जताया-भूतड़ा ने जनता व कार्यकर्ताओं को किया नमन

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** भाजपा अजमेर देहात के पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा ने बिहार में एनडीए को मिले प्रचंड जनादेश पर बिहार की जनता को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि यह परिणाम विकास, सुशासन, महिला सुरक्षा और गरीब कल्याण की नीतियों पर जनता की मुहर है। भूतड़ा ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार को जंगलराज से निकालकर विकास की राह पर आगे बढ़ाया है। बिहारवासियों का जनादेश घुसपैठियों को संरक्षण देने वाली राजनीति के खिलाफ और राष्ट्र की सुरक्षा को मजबूत करने वाली नीतियों के समर्थन में है।उन्होंने कहा कि मतदाता सूची शुद्धिकरण की आवश्यकता को बिहार की जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है, जिससे तुष्टीकरण की राजनीति को करारा जवाब मिला है। कांग्रेस के बिहार में अंतिम पायदान पर पहुंचने को भी उन्होंने इसी जनभावना से जोड़ा।भूतड़ा ने इस ऐतिहासिक विजय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एनडीए नेतृत्व व बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह 'विकसित बिहार' में विश्वास रखने वाले प्रत्येक बिहारवासी की जीत है।

# श्री गायत्री विद्या निकेतन विद्यालय सिंहपुर के बाल मेले में विविध गतिविधियों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** श्री गायत्री विद्या निकेतन उच्च प्राथमिक विद्यालय सिंहपुर में गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस रूप में मनाया गया।जिसमे स्वनिर्मित खाद्य एवं अन्य सामग्री की बिक्री करते हुवे विद्यार्थियो द्वारा विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय संस्थापक कैलाशचंद्र गर्ग ने बताया कि बाल मेले का प्रधानाचार्य कमलेश गर्ग ने शुभारंभ किया तथा अध्यापिका साक्षी जैन द्वारा बाल दिवस पर आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों का महत्व बताया।

## ई-मित्र प्लस योजनाः मशीनें खड़ी हैं, पर जिम्मेदारी ऑफलाइन है

# ई-मित्र प्लस का हाल-ना मित्र ना सेवा बस धूल और सन्नाटा





बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर,(अनिल सिखवाल)।** ब्यावर जिले के नवगठित पहचान के साथ लोगों को उम्मीद थी कि डिजिटल सेवाओं की बयार यहाँ सबसे पहले बहेगी।

सरकारी कार्यालयों में लगी ई-मित्र प्लस कियोस्क मशीनें इसी उम्मीद का प्रतीक थीं पर आज ये मशीनें लोगों को सेवा नहीं, बल्कि अपनी दुर्दशा की कहानी सुनाती नजर आ रही हैं। शुक्रवार को कृषि मंडी से लेकर बस स्टैंड परिसर तक, रसद विभाग से लेकर श्रम कार्यालय और नगर परिषद से लेकर जिला कोषाधिकारी कार्यालय तक हर जगह एक ही दृश्य मिला मशीनें नहीं, मशीनों की लाशें खड़ी थीं जिन मशीनों को डिजिटल राजस्थान का ध्वजवाहक कहा गया था, वे आज कुतूहल का विषय बन गई हैं धूल फाँकती, कबूतरों की बीट में लिपटी, किसी कोने में पटक दी गईं मानो सरकार ने ई-मित्र प्लस नहीं बल्कि ई-भूल प्लस योजना चलाई हो।

कृषि मंडी कार्यालय की मशीन तो ऐसी वीरान दिखाई दी जैसे बरसों से किसी ने उसका रुख न किया हो।बस स्टैंड की मशीन टिकट विंडो के पास ऐसे सिसक रही थी, जैसे पूछ रही हो मेरी चाबी किसके पास है? और मेरा मालिक कौन है? रसद विभाग व श्रम विभाग में मशीन यूँ लग रही थी जैसे किसी भूले-भटके मेहमान को स्टोर रूम में धकेल दिया गया हो। नगर परिषद वहाँ मशीन अपनी दयनीय दशा की विलाप कथा सुना रही थी, पर अधिकारी मानो कानों पर अनदेखी का हैडफोन लगाए बैठे थे। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जिन मशीनों पर सरकार ने लाखों रुपए खर्च किए, आज उनकी जिम्मेदारी कौन ले रहा है? और सबसे बड़ा सवाल जिम्मेदार मौन क्यों?

### बस स्टैंड पर 'ई-मित्र' नहीं, 'ई-मिट्टी' प्लस

बस स्टैंड परिसर का दृश्य और भी दिलचस्प रहा। टिकट विंडो के पास रखी मशीन ऐसी हालत में थी कि देखकर लगता था जैसे किसी ने उसे कामकाज नहीं बल्कि मिट्टी संग्रह अभियान के लिए तैनात किया हो। यात्री एक-दूसरे से मजाक में कहते देखे गए ये टिकट नहीं देगी, बस धूल का बैलेंस अपडेट कर देगी।

### नगर परिषद और जिला कोषाधिकारी कार्यालय में भी दुर्दशा जारी

नगर परिषद परिसर में खड़ी मशीन अपनी बदहाली का हाल किसी आने-जाने वाले की ओर आशाभरी नजरों से बताती दिखी जिला कोषाधिकारी कार्यालय में तो स्थिति ऐसी थी कि मशीन पर जमी धूल देखकर कोई भी भ्रमित हो सकता है कि यह किसी पुराने खंडहर से मिली वस्तु है।

### जिम्मेदारी किसकी, जवाब देगा कौन?

जिला बनने के बाद प्रशासनिक सुव्यवस्था और डिजिटल सेवाओं के विस्तार की उम्मीद थी, मगर ई-मित्र प्लस मशीनों की दुर्दशा देखकर लगता है कि अभी तक इन मशीनों की जिम्मेदारी तय करने की किसी को फुर्सत नहीं है। न रख-रखाव, न संचालन, न सुधार केवल सरकारी चुप्पी। डिजिटल सेवाओं का सपना दिखाकर मशीनें लगा तो दीं, पर उनकी देखभाल, रखरखाव और संचालन के लिए कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं की। न ऑपरेटर हैं, न मेंटेनेंस शेड्यूल, न जवाबदेही नतीजा डिजिटल सेवाओं की मशीनें कबाड़ के ढेर में बदल रही हैं, और उनके उद्देश्य धूल में मिल रहे हैं। आज स्थिति यह है कि मशीनें लोगों को सेवा नहीं दे रहीं, बल्कि अपनी बेबसी की सेवा दे रही हैं।

## ग्राम पंचायत जलिया में एक करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण

# क्षेत्र का समग्र विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : कृपलानी



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** ग्राम पंचायत जलिया में एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पूर्ण हुए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। विधायक कृपलानी ने उपस्वास्थ्य केंद्र के 55 लाख रुपये की लागत से बने नवनिर्मित भवन के साथ ही पंचायत क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड मय नाली निर्माण कार्य, खुला बरामदा निर्माण कार्य तथा श्मशान घाट पर चबूतरा निर्माण जैसे कई विकास कार्यों का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कृपलानी थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर ने की। विशिष्ट अतिथियों में पंस प्रधान बगदीराम धाकड़, पूर्व नगर मण्डल अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मण्डल महामंत्री राजेश धाकड़, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, भाजयुमो मण्डल महामंत्री सोनू झंवर सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक कृपलानी ने कहा कि ग्राम पंचायत जलिया सहित सम्पूर्ण क्षेत्र का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, सुगम मार्ग, सुव्यवस्थित सार्वजनिक सुविधाएं और हर स्तर पर निर्बाध विकास उपलब्ध कराना हमारा संकल्प है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत किया गया, जिसके बाद विधायक कृपलानी ने लोकार्पण कार्य संपन्न करवाए। इस अवसर पर प्रशासक सरपंच इंद्रा देवी मीणा, पूर्व एसटी मोर्चा अध्यक्ष अम्बालाल मीणा, प्रशासक प्रतिनिधि भरत सिंह मीणा, रामसिंह मीणा, पुष्कर मीणा, दिनेश गायरी (बूथ अध्यक्ष), भेरूलाल ख्यात, प्रेम गायरी, नंदलाल कुमार, मुकेश सुथार, सुरेश सुथार, शिवलाल मीणा, कारूलाल मीणा, धर्मचंद्र मीणा, रामलाल मीणा, देवीलाल कुमार, भेरूदास, सोहनलाल गायरी, राकेश मीणा, गोपाल सुथार, हेमाराम मीणा (पूर्व वार्ड पंच), लाल सिंह मीणा (पिपलिया कलां), नाना मीणा (पिपलिया कलां), पप्पू मीणा (पिपलिया कलां) आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर उत्साह देखा गया।

# अधिकारियों एवं काश्तकारों की उपस्थिति में जल वितरण समिति कपासन की बैठक सम्पन्न

## नहरों के सुदृढ़ीकरण बाद होगा पानी देने का निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** उपखंड अधिकारी एवं अध्यक्ष जल वितरण समिति उपखंड कपासन के निर्देशानुसार उक्त कार्यालय के अधीन बांधो से रबी फसल की सिंचाई वर्ष 2025-26 हेतु जल वितरण समिति की बैठक का गुरुवार को राज-राजेश्वर तालाब किनारे बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे विभागीय अधिकारियों,काश्तकारों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जलाशयों में उपलब्ध जल के उपयोग करने के संबंध में निर्णय लिया गया।जिसमे इस वर्ष नगर के जल स्त्रोत्र राज-राजेश्वर तालाब से जुड़ी नहरों हेतु पानी नहीं छोड़ा जायेगा।आगामी समय में उक्त नहरों का सुदृढ़ीकरण होने के उपरांत नहरों हेतु पानी छोडने को लेकर मंथन किया जायेगा।

इस बैठक में जल संसाधन विभाग सहायक अभियंता सांवरमल जाट कपासन कनिष्ठ अभियंता गोपाल लाल जाट,पीएचडी कनिष्ठ अभियंता लोकेंद्र सिंह सहित क्षेत्रीय काश्तकार आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।यहां नगर पालिका कपासन क्षैत्र में स्थित विशाल जल स्त्रोत्र राज राजेश्वर तालाब में लंबे समय के बाद करीब 8 फीट पानी का संग्रहण हुआ।जिससे आने वाले समय में नगरवासियों की प्यास बुझेगी।

# रावतभाटा में बाल दिवस पर 'हेल्दी टिफिन सप्ताह' के तहत प्रतियोगिता आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा (नि.स.)।** रावतभाटा में बाल दिवस 2025 के उपलक्ष्य में परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्थान, मुंबई द्वारा संचालित स्वास्थ्य जागरूकता पहल के अंतर्गत 'हेल्दी टिफिन सप्ताह' मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 14 नवंबर को कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए सर्वोत्तम टिफिन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें तीनों वर्गों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल ने बच्चों से उनके टिफिन में लाए गए भोजन की विधि, सामग्री और उनमें मौजूद पौष्टिक गुणों से जुड़े प्रश्न पूछे। इन्हीं मानकों के आधार पर श्रेष्ठ टिफिन का चयन किया गया। निर्णायक मंडल में शिक्षिका नेत्रिका मंदार, रत्नांजलि बिजोलिया तथा शिक्षक रोहिताश्व गौतम शामिल रहे। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6-के छात्र अभिनव** ने प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा 7 की दिव्या द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि कक्षा 8 के छात्र क्षितिज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# बाल दिवस के उपलक्ष्य में कपासन के राजकीय विद्यालय केसरखेड़ी में बाल मेले का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती को विभिन्न क्षेत्रीय शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा गुरुवार को बाल दिवस रूप में मनाते हुवे विद्यालय परिसरों में बाल मेले के आयोजन किये गये। जानकारी अनुसार देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती को क्षैत्र में विभिन्न निजी एवं राजकीय शिक्षण संस्थानों द्वारा बाल दिवस रूप में मनाया गया।इस दौरान विभिन्न शिक्षण संस्थाओं द्वारा विद्यालय परिसर में बाल मेले के आयोजन किये गये।जिसके तहत विद्यालयों में अध्ययनरत नन्हे विद्यार्थियो द्वारा विद्यालय परिसर में विभिन्न खाद्य सामग्री सहित फल,नाश्ता इत्यादि स्टॉल लगाकर उन्हें विक्रय किया गया। इधर ब्लॉक क्षेत्र कपासन के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय केसरखेड़ी में बाल दिवस के उपलक्ष्य में बाल मेले का आयोजन किया गया।राजकीय विद्यालय केसरखेड़ी शिक्षिका पिंकी शर्मा ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप मनाया गया।

# जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा : दो दिवसीय प्रदर्शनी का कलेक्टर मीना ने किया शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़े के अंतर्गत बुधवार को स्थानीय परिसर में दो दिवसीय भव्य प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने फीता काटकर उद्घाटन किया तथा जनजाति स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

कलेक्टर मीना ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार की विभिन्न योजनाओं का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री जन मन योजना, वन धन विकास केंद्र, जनजाति वर्ग के शैक्षणिक विकास कार्यक्रम, आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास व्यवस्थाएँ तथा कौशल विकास प्रशिक्षण जैसी योजनाओं को विस्तार से दर्शाया गया है, जिससे आमजन को व्यापक जानकारी उपलब्ध हो सके।प्रदर्शनी में आदिवासी संस्कृति और पारंपरिक जीवनशैली को दर्शाते आकर्षक फोटो फ्रेम्स, ऐतिहासिक विरासत एवं जनजातीय गौरव से जुड़े प्रदर्श भी प्रमुख आकर्षण रहे। आगंतुकों के लिए भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर आधारित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया, जिसे विद्यार्थियों व अधिकारियों ने रुचि से देखा। कलेक्टर मीना ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए बिरसा मुंडा के योगदान और जनजातीय उत्थान में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला।उन्होंने बताया कि 1 से 15 नवंबर तक आयोजित विशेष पखवाड़े के दौरान विविध कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई हैं, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को गुरुवार को होने वाले समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

दो दिवसीय यह प्रदर्शनी आज से कल तक आमजन के लिए खुली रहेगी। उद्घाटन अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट, उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह, एसीईओ गोपाल लाल, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सतीश सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# संगम विश्वविद्यालय द्वारा विधिक सहायता शिविर का सफल आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा (अमित शर्मा ) ।** संगम विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा पुर स्थित गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल और बॉयज़ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को विधिक अधिकारों, न्यायिक प्रक्रियाओं और सामाजिक जागरूकता से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश शिव कुमार शर्मा रहे, जिन्होंने संस्कृत श्लोक और प्रेरक कहानियों के माध्यम से बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। आरंभ में प्रो वाइस चांसलर प्रो. डॉ. मानस रंजन पाणिग्रही ने विधिक सहायता शिविर की आवश्यकता और इसके सामाजिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशेष अतिथि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विशाल भार्गव ने बालिका सुरक्षा और उनके अधिकारों को लेकर समाज में अधिक संवेदनशीलता एवं जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नागेन्द्र सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सिविल न्यायाधीश ईशपाल सिंह, सिद्धार्थजीत कात्या और कृति शेखावत ने भी अपने विचार साझा करते हुए उपस्थित विद्यार्थियों को विधिक अधिकारों और न्याय व्यवस्था से जुड़ी आवश्यक जानकारियाँ प्रदान कीं। विद्यालयों की प्रधानाचार्याएँ कल्पना जैन और भारती शर्मा का कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा। संगम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. करूणेश सक्सेना ने शिविर के सफल आयोजन पर बधाई देते हुए भविष्य में ऐसे और कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रेरित किया। रजिस्ट्रार डॉ. आलोक कुमार के मार्गदर्शन में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर के दौरान विधि संकाय के विद्यार्थियों ने महिला शिक्षा, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा और साइबर क्राइम जैसे गंभीर मुद्दों पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित लोगों ने सराहा। कार्यक्रम के अंत में विधिक सहायता बूथ लगाए गए, जहाँ विद्यार्थियों ने विद्यालय के छात्रों और ग्रामीणों को उनके विधिक अधिकारों और सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसी क्रम में विद्यार्थियों ने गाँव में जाकर विधिक जागरूकता हेतु फीडबैक फॉर्म भी भरवाए। कार्यक्रम का समन्वय सहायक प्रोफेसर शशांक शेखर सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डीन इंचार्ज डॉ. ओमप्रकाश सोमकुवर ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में असिस्टेंट डीन गौरव सक्सेना, डॉ. विष्णुप्रिया दाधिच, डॉ. सुनाक्षी शर्मा, आदित्य दाधिच, वार्तिका मिश्रा और वृंदा माहेश्वरी उपस्थित रहे। मंच संचालन छात्रा ऋतिका चौधरी और दिया पराशर ने किया।

# विदरपुर गांव में बिजली करंट से ग्यारहवी कक्षा के छात्र की दर्दनाक मौत

## ग्रामीणों का आरोप 11 केवी बिजली के तार टूटने से हादसा, डिस्कॉम ने किया इंकार

### ग्रामीण युवाओ ने अस्पताल में किया हंगामा, दरवाजे का शीशा तोड़ा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के विदरपुर गांव में शुक्रवार को सुबह बिजली करंट से 11वीं कक्षा के छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीण अचेत छात्र को लेकर बाड़ी अस्पताल पहुंचे,जहां चिकित्सकों ने छात्र को बचाने का काफी प्रयास किया। सुधार नही होने पर उसे जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया गया। जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद सूचना पर पहुंची कंचनपुर पुलिस ने मृतक छात्र के शव का पोस्टमार्टम कराया है। मामले की जांच की जा रही है। विदरपुर गांव निवासी 18 वर्षीय मृतक छात्र अमित पुत्र होतम कुशवाह के चाचा राजेश ने बताया कि उनका भतीजा अमित सुबह नंगे पैर ही अपने घर के बाहर खेतों की ओर जा रहा था। इस दौरान अचानक 11 केवी लाइन का तार टूट गया। इसके संपर्क में आने से अमित अचेत हो गया। जिसे ग्रामीण और परिजन बाड़ी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से उसे धौलपुर रेफर किया गया। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों और ग्रामीणों ने डिस्कॉम के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है और गांव में बिजली के तारों को ढीला होने और ट्रांसफार्मर के जमीन पर रखे होने से लगातार हादसे होने की बात कही है। घटना के बाद कंचनपुर थाने के एएसआई फतेह सिंह और पुलिस जाप्ता अस्पताल पहुंचा। जहां मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है। शव परिजनों को सौंप दिया है। एएसआई फतेह सिंह का कहना है की रिपोर्ट के अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वही दूसरी और डिस्कॉम के सहायक अभियंता आरडी मीणा का कहना है कि विदरपुर गांव में 11 केवी लाइन के तार टूटने की कोई घटना नहीं हुई। जो घटना हुई है वह गांव में खेत के पास रखे ट्रांसफार्मर के पास हुई है। संभवत छात्र जंपर डालते समय बिजली करंट का शिकार हुआ है।



#### पिता का रो-रोकर बुरा हाल

घटना के बाद मृतक अमित के पिता होतम सिंह कुशवाह का रो–रोकर बुरा हाल है। वह मंडी में सब्जी बेचते है। उनके दो बेटों में अमित दूसरे नंबर का था। जो 11वीं क्लास में गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ रहा था।



#### अस्पताल में किया ग्रामीण युवाओ ने हंगामा, गेट के शीशे तोड़े

बिजली करंट से झुलसे छात्र को लेकर जब ग्रामीण बाड़ी अस्पताल आये तो चिकित्सक नहीं मिलने पर हंगामा खड़ा कर दिया। कुछ युवाओ ने एमरजेंसी गेट को ताल मारकर तोड़ने का प्रयास किया तो कुछ ने अस्पताल के पर्चा काउंटर के पास बने गेट के सीसे तोड़ दिए। अस्पताल में हुए इस हंगामे की घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद नहीं हो सकी क्योंकि अस्पताल के सीसीटीवी कैमरों से जुडी डिवाइस पिछले दो महीने से खराब पड़ी है। जिसको सुधार को लेकर कोई प्रयास नहीं किया गया है।

## बिहार में भाजपा गठबंधन की जीत पर भाजपाईयों ने मनाया जश्न



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** बिहार में विधानसभा चुनाव में एनडीए को भारी बहुमत मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। भाजपा जिलाध्यक्ष षिवानी दायमा के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय भरतपुर पर अनेंकों भाजपा कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त आतिशवाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा बिहार की जीत जनता की जीत है, कार्यकर्ताओं की जीत है। सत्य की जीत है। और बिहार में किये गये विकास की जीत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देष में किये जा रहे विकास की लहर को पहचानते हुए बिहार की जनता ने विकास को समर्थन दिया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री ओ.पी.धनखढ, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, डॉ. निमीशा गौड, ज्योति मिश्रा, सुनीता चौधरी, नीलम गुर्जर, गोरधन सिंह जादौन, राजवीर सिंह, मानसिंह गुर्जर, भगवान दास शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज, डीग–कुम्हेर विधायक डॉ. षैलेश सिंह, कामां विधायक नौक्षम चौधरी, जिला उपाध्यक्ष राजू कटारा, सतीष बसंल, ष्याम सुन्दर गौड, रज्जन सिंह, मनोज खण्डेलवाल, गिरधारी गुप्ता, जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी डॉ वीरेन्द्र पचौरी, मुकेष सिंघल, जिला सह संयोजक आईटी सुनील सहनावली, कार्यालय प्रभारी उत्तम षर्मा, मण्डल अध्यक्ष चन्द्रवीर जघीना, प्रकाष भोलू सुनारी, गौरव सरपंच, जगत गुर्जर, कपिल खोंकर, आकाष हथैनी, योगा सहनावली, पंकज षर्मा, मनीश पहलवान, आदि उपस्थित रहे।

## कुष्ठ रोगों का समय पर उपचार ही इसका ईलाज - डॉ असित श्रीवास्तव

### कुष्ठ रोग व्यक्ति को छुपाना नहीं चाहिए आमजन भी कुष्ठ रोगी के प्रति सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जिले में कुष्ठ निवारण प्रशिक्षण जिला स्तर पर 10 नवंबर से 26 नवम्बर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रुप से चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग अधिकारी, सीएचओ, प्रसाविका–एएनएम, आशा आदि प्रतिभागी प्रशिक्षित किये जायेगे। जिला स्तरीय प्रशिक्षण के मुख्य प्रशिक्षक डिप्टी सीएमएचओ डॉ. असित श्रीवास्तव द्वारा कुष्ठ रोग संबंधित प्रशिक्षण प्रतिभागियों को प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान डा0 श्रीवास्तव ने बताया कि कुष्ठ रोग (हैन्सन रोग) एक जीवाणु संक्रमण है जो आपकी नसों, मांसपेशियों, आँखों, त्वचा और श्वसन तंत्र को नुकसान पहुँचा सकता है। इससे त्वचा पर पीली या रंगहीन धब्बे संवेदना में कमी (सुन्नता) और स्थायी विकलांगता हो सकती है। कुष्ठ रोग को हैन्सन रोग भी कहा जाता है। कुष्ठ रोग की पहचान करना आसान है:– डॉ. असित श्रीवास्तव ने बताया की शरीर की चमड़ी के रंग से फीका हल्का पीला या लाल सा बदरंग दाग–धब्बा, जिसमें सुन्नपन हो अर्थात न दर्द, न जलन, न खुजली, न चुभन, न ठण्डा लगे, न गरम। चमडी पर तैलिया तामियों चमक हो। चमडी पर खासकर चेहरे पर भौहे के ऊपर, ठोडी पर, कानों के पीछे सूजन मोटापन, गाँठे हो। तंत्रिकाओं में मोटापन सूजन हो, टटोलने पर दर्द हो। हाथ पैरों में झुनझुनीध्सुन्नपन ध्सूखापन हो। इन में से कोई भी लक्षण प्रतीत होने पर वह कुष्ठ हो सकता है। कुष्ठ रोग धीरे–धीरे विकसित होता है। इसके संपर्क में आने के बाद इसके लक्षण विकसित होने में कई साल कभी–कभी दशकों भी लग जाते हैं। कुष्ठ रोग के कारण माइकोबैक्टीरियम लेप्री बैक्टीरिया कुष्ठ रोग का कारण बनता है। यह संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने पर हवा में मौजूद बूंदों के जरिए फैलता है। कुष्ठ रोग उपचार एंटीबायोटिक दवाओं से इस रोग का इलाज किया जा सकता है, जिससे रोग की प्रगति को रोका जा सकता है। बहु औषधी चिकतसा (एम.डी.टी.) से कुष्ठ रोग निश्चित ठीक हो सकता है। एम.डी.टी. राजकीय चिकित्सा संस्थानों में नि:शुल्क दी जाती है। साथ ही इसके प्रति जागरुकता ही इससे सीधा बचाव है।

## नेशनल पीथियन आर्म रेसलिंग के पदक विजेता खिलाड़ी सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** 7 से 9 नवम्बर तक बैंगलुरू (कर्नाटक) स्थित बैंगलुरू सिटी यूनीवर्सिटी में पीथियन नेशनल गेम्स के अन्तर्गत आयोजित आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप में भरतपुर जिले के खिलाड़ियों ने दो गोल्ड, दो सिल्वर एवं एक कांस्य पदक जीता। मनीषा गुर्जर ने बालिका यूथ 60 किग्रा. भार वर्ग में और पायल फौजदार ने बालिका जूनियर 55 किग्रा. भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते, शिवानी फौजदार ने 55 किग्रा. जूनीयर बालिका वर्ग में और दुष्यन्त ने यूथ बालक 75 किग्रा. भार वर्ग में रजत पदक जीते वहीं सार्थक ने जूनीयर बालक वर्ग के 65 किग्रा. भार वर्ग में कांस्य पदक जीता।

पदक विजेता खिलाड़ियों को भरतपुर आर्म रेसलिंग संघ सचिव लोकेश चाहर, भरतपुर आर्म रेसलिंग संघ अध्यक्ष भूपेन्द्र सामरा एवं ऑल इण्डिया पुलिस गेम्स गोल्ड मैडलिस्ट सहायक उपनिरीक्षक मनीषा चाहर भरतपुर, जिला बॉक्सिंग संघ चेयरमैन डॉ. राकेश चाहर, भरतपुर जिला बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष भगत सिंह सूरौता, भरतपुर बॉक्सिंग संघ सचिव डॉ. संदीप देशवाल ने माल्यार्पण कर फैंटा बांधकर मेडल पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

## जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी द्वारा यातायात नियमों संबंधित पोस्टर का विमोचन किया

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी व जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के दिशा निर्देशन में सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी द्वारा यातायात नियमों संबंधित पोस्टर का विमोचन किया गया। जिला कलेक्टर ने कहा कि गुड़ सेमरिटर्न योजना के अंतर्गत जो भी लाभार्थी हैं, उन्हें प्रोत्साहन राशि प्रदान करें। तथा लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के लिए निरंतर अभियान चलाकर उनके मध्य समझाइश करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि यातायात नियमों की अव्हेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई करे। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि श्रीमान जिला कलेक्टर द्वारा पोस्टों का विमोचन कराया गया है उन पोस्टरों को शहर की प्रमुख इमारतें पर लगाया जाएगा। जिससे लोगों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी मिले और गुड सेमिरिटर्न योजना के बारे में भी लोगों को जानकारी मिले। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है और इसके लिए विभाग निरंतर प्रयास कर रहा है। सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा सामान्य चिकित्सालय धौलपुर के सहयोग से जिला परिवहन कार्यालय में वाहन चालकों की आंखों का परीक्षण किया गया। जिसमें सामान्य चिकित्सालय के चिकित्सकों ने लगभग 110 वाहन चालकों की आंखों का परीक्षण कर उन्हे परामर्श दिया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सौरभ सिंह ने वाहन चालकों से कहा कि वह लगातार वाहन ना चलाएं और अनिद्रा की स्थिति में कभी भी वाहन ना चलाएं। इस अवसर पर एन आई सी अजय शर्मा, स्वयंसेवी संस्था चंद्रमल फाउंडेशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सदर थाना पुलिस की अवैध लाल बजरी खनन को लेकर कार्यवाही

### खेत में कर रखा था पार्वती नदी से बजरी का स्टॉक, मौके से चार जेसीबी और पांच ट्रेक्टर जप्त

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड की सदर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में लिप्त चार जेसीबी मशीन और पांच लाल बजरी से भरी ट्रैक्टर–ट्रालीयो को जप्त किया है। एसपी विकास सांगवान के निर्देश पर सदर एसएचओ मोहर सिंह और पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की है।

सदर थाना अधिकारी मोहर सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर अवैध खनन को लेकर एक विशेष अभियान चलाया हुआ है। जिसमें मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। ऐसे में गुरुवार की शाम जरिए मुखबिर सूचना मिली की पार्वती नदी किनारे कृषि भूमि में चोरी छुपे लाई गई लाल बजरी का दोहन किया जा रहा है। वक्त सूचना के पुख्ता होने पर थाने के एएसआई कम्पोटर सिंह, एएसआई मुकेश कुमार, हेड कांस्टेबल कलेक्टर सिंह, हल्केराम के साथ तीन टीम बनाकर मौके पर भेजी गई। पुलिस ने तीन तरफ से मौके पर दविश दी।

## स्वास्थ्य मंदिर संस्थान पर मनाया बाल दिवस

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** स्वास्थ्य मंदिर पर महिला सेवा इकाई द्वारा खिलता बचपन सवरता जीवन प्रकल्प के बच्चों के साथ बाल दिवस कार्यक्रम मनाया गया। महिला सेवा इकाई की अध्यक्ष अंजना सोनी के नेतृत्व में सभी बच्चों को चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई जिसमें मेहंदी में प्रथम स्थान दुर्गा ने द्वितीय स्थान एवं गायत्री ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इकाई की संरक्षक प्रभा गुप्ता ने नेहरू जी के सिद्धांतों को बताते हुए कहा कि नेहरू जी को बच्चे और गुलाब सबसे प्रिय थे और नेहरू जी चाहते थे कि भारत का हर बच्चा शिक्षा में देश का नाम रोशन करें हमें वह बच्चा बनना है। इस कार्यक्रम के अवसर पर संरक्षक प्रेम भाटिया, कविता गोयल, सचिव शकुन सोनी सदस्य ममता गोयल, कोषाध्यक्ष मीरा गोयल, सुरभि गर्ग, रेनू सिंह, नीलम गोयल, सुनीता सिंघल अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पटवार संघ के चुनाव संपन्न, वीरेंद्र कुमार गुर्जर बने निर्विरोध अध्यक्ष

### निर्वाचन अधिकारियो ने दिलाई कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राज्य पटवार संघ के निर्देश पर राजस्थान पटवार संघ के निर्देश पर गुरुवार बाड़ी शाखा के चुनाव निर्विरोध रूप से संपन्न कराए गए। जिसमें अध्यक्ष सहित विभिन्न पदाधिकारी को निर्वाचन अधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पटवार संघ के निर्वाचन अधिकारी भू अभिलेख निरीक्षक हरेंद्र सिंह और हरदेश पाठक ने बताया की तहसील स्थित एलआर शाखा में राजस्थान पटवार संघ के निर्देश पर निर्विरोध रूप से अध्यक्ष सहित विभिन्न पदाधिकारी का निर्वाचन किया गया साथ में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई है। जिसमें बाड़ी पटवार संघ का अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गुर्जर को निर्विरोध रूप से बनाया गया है। उपाध्यक्ष सतीश सोलंकी, महामंत्री रामनिवास भोंदू, संयुक्त मंत्री अरविंद गुर्जर, संगठन मंत्री मनफूल, कोषाध्यक्ष कुलदीप के साथ सलाहकार रूप में विश्वेंद्र सिंह, सुनीता मीणा, जितेंद्र मौर्य, माया मीणा और जतिन बैरवा को शामिल किया गया है।

## राजस्थान में रजिस्ट्री करवाना हुआ महंगा

### सरकार ने 6 साल बाद कंस्ट्रक्शन कॉस्ट बढ़ाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में मकान, दुकान समेत अन्य कॉमर्शियल प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री करवाना महंगा हो गया है। राज्य सरकार ने इस बार रजिस्ट्री फीस (स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन शुल्क) और जमीन की डीएलसी दरें न बढ़ाकर कंस्ट्रक्शन कॉस्ट (निर्माण लागत) को बढ़ाया है।

इसका असर आमजन के मकान, दुकान, फ्लैट की खरीद पर नहीं पड़ेगा, क्योंकि शहरों और छोटे कस्बों में जो संपत्तियां खरीदी जाती हैं, उनकी खरीद वैल्यू सरकार की मिनिमम वैल्यू (डीएलसी दर और कंस्ट्रक्शन कॉस्ट) से ज्यादा ही होती है।

वित्त विभाग से जारी आदेशों के मुताबिक, अब आरसीसी छत वाले कंस्ट्रक्शन की वैल्यू को 1200 रुपए से बढ़ाकर 1800 रुपए प्रति वर्ग फीट कर दिया गया है। यानी कंस्ट्रक्शन कॉस्ट में 600 रुपए प्रति वर्ग फीट का इजाफा किया गया है। इसके अलावा, अगर किसी जमीन पर मल्टी स्टोरी शॉपिंग मॉल बना है, जिसमें बेसमेंट, मल्टीप्लेक्स है, तो उसमें कंस्ट्रक्शन कॉस्ट 1815 रुपए से बढ़ाकर 2100 रुपए कर दी गई है। इसी तरह, बिना मल्टीप्लेक्स वाले शॉपिंग मॉल की लागत को 1430 से बढ़ाकर 2000 रुपए कर दिया गया है।

इसी तरह, किसी जमीन पर होटल, क्लब (5 सितारा रेटिंग या उससे ऊंची कैटेगरी) का बना है तो उसकी कंस्ट्रक्शन कॉस्ट को 2090 रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए और पांच सितारा से नीचे की कैटेगरी के होटल की निर्माण लागत को 1595 से बढ़ाकर 2100 रुपए कर दिया गया है।

#### बाउंड्रीवाल की रेट 100 रुपए बढ़ी

कोई ऐसी जमीन जो खाली है और उस पर केवल बाउंड्रीवाल ही बनी है, तो उसकी निर्माण लागत को भी बढ़ाया गया है। पहले यह बाउंड्रीवाल की लागत 400 रुपए प्रति रनिंग मीटर थी, जिसे बढ़ाकर अब 500 रुपए कर दिया गया है। इसी तरह, औद्योगिक प्लॉट पर बने शेड या वेयरहाउस की लागत 5000 रुपए कर दी गई है, जबकि इससे पहले इसकी गणना 4000 रुपए प्रति वर्ग मीटर की दर से की जाती थी।

## स्वस्थ खान पान, नियमित जांच और संयमित जीवन शैली अपना कर मधुमेह को नियंत्रित किया जा सकता है - डॉ विजय सिंघल

### विश्व मधुमेह दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा डीग में निकाली गई जागरूकता रैली

बढ़ता राजस्थान




**डीग ( नि.स. )।** विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर शुक्रवार को डीग जिला मुख्यालय पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ एलएमएल राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय डीग के समक्ष मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय कुमार सिंघल ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में छात्राओं और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए मधुमेह नियंत्रण के संदेशों को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

अतिरिक्त जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. मान सिंह तथा डॉ. दिनेश चंद मीणा ने प्रतिभागियों को मधुमेह की रोकथाम, इसके लक्षण, कारण और उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रामअवतार शर्मा ने बताया कि मधुमेह ऐसी बीमारी है जिसे समय पर जांच, सही खानपान और नियमित व्यायाम द्वारा काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जीवनशैली में छोटे–छोटे बदलाव जैसे – कम मीठा खाना, तनाव कम करना, धूम्रपान व मद्यपान से दूर रहना तथा रोजाना कम से कम 30 मिनट व्यायाम मधुमेह से बचाव के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय सिंघल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मधुमेह तेजी से फैलने वाली जीवनशैली से जुड़ी बीमारी है, लेकिन समय पर सावधानी अपनाकर इससे बचा जा सकता है।

उन्होंने लोगों को स्वस्थ खानपान, नियमित जांच और सक्रिय दिनचर्या अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही निरामय राजस्थान कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है।

## अंता चुनाव में कांग्रेस ने धन-बल का प्रयोग किया - जवाहर सिंह बेढम

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** बिहार की जनता ने एनडीए गठबंधन पर जताया विश्वास गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा– बिहार में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिला है। प्रधानमंत्री का जो विजन है, उसे बिहार की जनता ने दोबारा स्वीकार करते हुए छक। गठबंधन को भारी बहुमत दिया है। बिहार की जनता ने विकास के साथ खड़े होकर विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करने के लिए बिहार को भी विकास की गति में जोड़ने के लिए और बिहार में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए एनडीए गठबंधन पर विश्वास जताया।

**अंता में कांग्रेस ने धन बल का प्रयोग किया:** गृह राज्य मंत्री ने अंता विधानसभा चुनाव पर कहा– अंता में धन बल प्रयोग जिस तरीके से किया गया। कांग्रेस ने लोगों को प्रभावित करने का काम किया हुआ था। बीजेपी के कार्यकर्ता भी प्रत्याशी मोरपाल सुमन के साथ खड़े रहे। कांग्रेस ने तुष्टिकरण और धन का दुरुपयोग कर वहां रिजल्ट को प्रभावित किया है। सरकार और सीएम भजन लाल शर्मा अंता के विकास के लिए काम करेंगे। कई जगह छापे पड़े तो कांग्रेस के लोगों को पकड़ा भी गया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा उखड़ भी रहे थे।

## शिक्षक और माता-पिता बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार वान बनाएं- डॉ जितेंद्र फौजदार

### बाल दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं और प्रश्नोत्तरी कार्यक्रमों का किया गया आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग जिले में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर स्कूलों में बाल दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर स्कूलों में बाल सभाएं , विभिन्न प्रतियोगिताओ सहित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किए गए। महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल अऊ में बाल दिवस के मौके पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के उपनिदेशक डॉ. जितेंद्र सिंह फौजदार ने बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए । उन्होंने बच्चों के लिये पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के स्नेह और प्रेम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चे गीली मिट्टी के समान होते हैं। जिन्हें जैसे सांचे में ढालने का प्रयास किया जायेगा उनका वैसा ही स्वरूप निखर कर समाज के समक्ष आयेगा। डॉ फौजदार ने बताया कि बच्चे का मन कोरा कागज होता हैं ।जैसे संस्कार उस पर लिखे जाएंगे ठीक उसी प्रकार के संस्कार उनमें अंकुरित होंगे । इसलिए शिक्षकों और माता–पिता का दायित्व है कि वह बच्चों को शिक्षित बनाने के साथ–साथ संस्कार वान बनाएं ।ताकि देश फिर से दुनिया में विश्व गुरु वन सके। इस अवसर पर शिक्षक हेमराज, शिक्षिका प्रियंका डागुर, आशु, विद्यार्थी और स्टाफ कर्मी मौजूद थे।

# प्रदेश का किसान प्याज के गिरते दामों से आत्महत्या करने को मजबूर : जूली

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम ने जूली ने कहा कि प्याज के गिरते भाव से किसान जहर खाने को मजबूर हो गया लेकिन सरकार के कान में जू तक नहीं रेंग रही। जूली बोले केंद्र और राज्य सरकार दोनों ही किसानों की पीड़ा को नहीं समझ पा रही। उन्होंने कहा कि पहले से ही कर्ज में डूबा किसान अब प्याज के भाव गिरने से आत्महत्या करने को मजबूर है।जूली शुक्रवार को अलवर पहुंचे उन्होंने कहा कि अलवर देश में दूसरा लाल प्याज के लिए मशहूर है जो प्याज देश नहीं बल्कि विदेश में भी आपूर्ति करता है, लेकिन इस बार प्याज के गिरते दामों ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खड़ी कर दी है।

उन्होंने कहा कि प्याज ने किसानों के आंसू निकल दिए लेकिन सरकार की आंखों का पानी अब मर चुका है। उन्होंने कहा कि फसलों की सही कीमत नहीं मिलने से किसान प्याज की फसल को मंडी में लेकर नहीं आ रहे। जूली बोले केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों की आमदनी दुगनी करने का वादा किया था लेकिन इसके विपरीत अब किसानों के हितों पर ही कुठाराघात किया जा रहा है। उन्होंने कहा की मजबूरी में किसान अपनी मेहनत की फसल पर ट्रैक्टर चलाने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि अब किसानों की उम्मीद ही नहीं बल्कि कमर भी टूट गई है सरकार को उनकी आर्थिक मदद करनी चाहिए।

# मण्डोर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव सहित अनेक विकास कार्यो को लेकर चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** शुक्रवार को स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में स्टेशन सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन वाणिज्य निरीक्षक शिवदयाल ने किया।

बैठक में राजगढ़ रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य सहित रेलवे अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में राजगढ़ विकास मंच के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर युटीएस के पृथक-पृथक काउण्टर चालू करवाने, प्लेटफार्म नंबर 1 व 2 पर टीन शेड की लम्बाई बढ़ाने का प्रस्ताव भेजने, मण्डोर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव राजगढ़ स्टेशन पर प्रयोगात्मक करवाने, दिल्ली-रेवाड़ी के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 74001 व 74002 का विस्तार दिल्ली-बांदिकुई तक बढ़ाने का प्रस्ताव भेजने का पारित किया।

वहीं डॉ खेमसिंह आर्य ने रेलवे स्टेशन के बाहर तिरंगा झंडा लगाने का सुझाव दिया। लायंस क्लब के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने रेलवे स्टेशन के बाहर लगे अवैध खोखे हटवाने की मांग की। बैठक में वाणिज्य निरीक्षक शिवदयाल, स्टेशन अधीक्षक रामफूल मीना, राजगढ़ विकास मंच के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, डॉ खेमसिंह आर्य, प्रदीप गुप्ता, अजय यादव, वीरेंद्र दाधीच आदि उपस्थित रहे।

# राजसेस कॉलेजों में लगे सहायक आचार्यों ने नई भर्ती का जताया विरोध



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में लगे सहायक आचार्यों ने सरकार द्वारा की जा रही भर्ती का विरोध करते हुए शुक्रवार को मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम तहसीलदार कल्याण सहाय मीणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि हम 2021-22 से राजसेस कॉलेजों में निरंतर काम कर रहे हैं और हमारा चयन यूजीसी नियमों से हुआ है। राजकीय महाविद्यालय में लगे आचार्यों का एक बार चयन होने के बाद सेवानिवृत्त तक पद पर लगे रहते हैं। किन्तु हमें वेतन दैनिक उपस्थित के आधार पर दिया जाता है जो भी अनिश्चित अवधि में दिया जाता है। जबकि हर विभाग में माह के अंत में वेतन प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि हम पुरे मनोयोग से शारीरिक व मानसिक तनाव के बावजूद हम कार्य कर रहे हैं। सरकार द्वारा हमें हटाकर नई भर्ती की जा रही है। जिसके कारण कॉलेजों में लगे 2700 सहायक आचार्यों के परिवारों पर रोजी रोटी का संकट आ गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर हरियाणा की तर्ज पर सहायक आचार्यों को रोजगार सुरक्षा देते हुए पदों पर समायोजन की गुहार लगाई। इस दौरान राजकीय कन्या महाविद्यालय के सहायक आचार्य उपस्थित रहे।

# निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जेएमसीसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, अलवर के सौजन्य से शुक्रवार को लायंस क्लब अलवर चिकित्सालय में निःशुल्क नेत्र (आंख) शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस मानवीय पहल से अनेक ज़रूरतमंद मरीजों को नई रोशनी मिली। शिविर के दौरान जेएमसीसी के निदेशक आदरणीय झाबरमल यादव विशेष रूप से चिकित्सालय पहुँचे। उन्होंने सभी ऑपरेशन करवाए मरीजों से मिलकर उनकी कुशलक्षेम पूछी और आवश्यक औषधियाँ वितरित कीं। उन्होंने भगवान श्रीनाथ ठाकुर जी की कृपा और चिकित्सकों की दक्षता से सभी शल्य क्रियाएँ सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर सभी को हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर लायंस क्लब के सभी सदस्यों ने श्री झाबरमल यादव एवं भव्य यादव का स्वागत किया। क्लब सदस्यों ने दुपट्टा एवं पुष्पमाला पहनाकर उनका सम्मान किया।

## धूमधाम व हर्षोल्लास से मना पूर्व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव का जन्मदिन

# यादव ने की आमजन व कार्यकर्ताओं से भेंट, बधाईयां देने वालों का लगा रहा तांता, बोले... जन सेवा में सदैव तत्पर

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** विधानसभा चुनाव के दो वर्ष बीत जाने के बाद कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक व निवर्तमान गहलोत सरकार में गृह राज्य, स्टेट मोटर गैराज समेत विभिन्न विभागों के मंत्री रहे राजेन्द्र सिंह यादव राजनैतिक व सामाजिक तौर पर सक्रिय नजर आ रहे हैं। उल्लेखनीय हैं कि चुनावी वर्ष 2023 में उनके जन्मदिवस पर बड़े कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। विधानसभा चुनाव में बेहद नजदीकी हार मिलने के बाद यादव वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पूर्व अपने साथी व पूर्व मंत्री लालचन्द कटारिया समेत अन्य नेताओं व क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों व पार्टी पदाधिकारियों के साथ कांग्रेस छोडक़र भाजपा में शामिल हो गये थे।

यादव के जन्मदिवस पर गुरूवार को ग्राम खेडक़ी वीरभान स्थित उनके निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। यादव ने भी कार्यकर्ताओं समेत आमजन व समाज के विभिन्न वर्गो, जनप्रतिनिधियों व नेताओं से भेंट करते हुये खुले दिल से बधाईयां स्वीकार की। वहीं लोगों ने माला, साफा, दुपट्टा व पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत अभिनंदन करते हुये जन्मदिवस की बधाई दी। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये यादव ने कहा कि राजनैतिक क्षेत्र में कार्य करते हुये वे आमजन की सेवा व जनसमस्याओं के निराकरण के लिये सदैव तत्पर हैं। राजनैतिक जीवन में मिलने वाले दायित्व समय अनुकुल होते हैं। वे किसी पद पर रहें चाहें ना रहें परन्तु आमजन समेत कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र व विचारधारा के लिये सकारात्मक भूमिका निभाते रहेगें। साथ ही क्षेत्र के विकास के लिये भी हरसम्भव प्रयास करते रहेगें। इस दौरान उन्हें बड़ी संख्या में नेताओं ने भी दूरभाष पर जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज गुर्जर, सभापति प्रतिनिधि एड. दुर्गाप्रसाद सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अरूण सैनी, विराट यादव, पूर्व एपीपी भोजराज यादव, अमित मेहता, यादव महासभा के अध्यक्ष रामौतार यादव, पार्षद मनोज गौड़, नरसी गुर्जर, पार्षद प्रतिनिधि अनिल शरण बंसल, एड. अमीलाल यादव, विक्रम फाईनेंसर, पार्षद नाहरसिंह पायला, महावीर गुर्जर, छीतरमल सैनी, राजेन्द्र चौधरी, बजरंग यादव, पूर्व पार्षद भीखाराम सैनी, पार्षद सीताराम सैनी, मोनू सैनी, एड. रामचन्द्र यादव, कबूल यादव, मनमोहन यादव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व आमजन ने उन्हें बधाईयां प्रेषित की।

# मौसमी बीमारियों का बढ़ रहा खतरा, परिषद की ओर से नहीं किया जा रहा कोई समाधान

## सड़क पर जल भराव से वार्डवासियों व राहगीरों को हो रही भारी परेशानी

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के वार्ड नं. 32 में जल भराव की समस्या से वार्डवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा ने बताया कि कस्बे के वार्ड नं. 32 छोटा बाजार स्थित श्री जगन्नाथ जी मंदिर के पास वाली गली नागाजी की गौर व आजाद चौक का मुख्य मार्ग हैं। वहीं उक्त मार्ग से बामनवास, बाला का नांगल, हांसियावास समेत अन्य गांवों की ओर भी रास्ता जाता हैं। जिससे बड़ी संख्या में लोगों का उक्त मार्ग पर आवागमन रहता हैं। लेकिन इस मार्ग पर जल भराव के कारण राहगीरों व वार्डवासियों को भारी परेषानी का सामना करना पड़ रहा हैं। जल भराव से आवागमन में परेषानी के साथ-साथ मौसमी बीमारियों के बढने का खतरा भी बना हुआ हैं। डॉ. मीणा ने बताया कि नालियों की सफाई नहीं होने के कारण जल भराव की समस्या बनी हुई हैं। वार्डवासियों द्वारा सडक़ निर्माण की मांग को लेकर नगर परिषद सभापति व आयुक्त समेत अन्य जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपे जाने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया हैं। वहीं सडक़ निर्माण भी अधूरा किया गया हैं जिससे नालियां रूक गई हैं एवं नालियों का गंदा पानी मार्ग पर बह रहा हैं। वहीं मार्ग में स्ट्रीट लाईट नहीं होने के कारण वाहन चालकों एवं राहगीरों के गिरने का खतरा रहता हैं। इस दौरान कमलेश मीणा, अजय मीणा, बाबूलाल शर्मा, मोहन मीणा, धीरज कुमार, मोहन सैनी, विनोद मीणा, दिनेश शर्मा, प्रमोद वशिष्ठ समेत अनेक वार्डवासी मौजूद रहें।

# कृषि महाविद्यालय में नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत एकदिवसीय कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली के ग्राम पाथरेडी कृषि महाविद्यालय मे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता रैली, पोस्टर, निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ।

रैली को श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के माननीय कुलगुरु प्रोफेसर पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने नशा मुक्ति रैली को हरी झंडी दिखाते हुए अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान देना चाहिए, जिसके लिए नशा मुक्त जीवन शैली-अत्यन्त आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि नशा समाज, परिवार और व्यक्तिगत जीवन को कमजोर करता है तथा युवाओं की ऊर्जा को गलत दिशा में मोड़ता है। कॉलेज अधिष्ठाता डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे नशे से पूर्णतः दूर रहें और अपने व्यवहार व जागरूकता के माध्यम से समाज में नशामुक्ति का सकारात्मक संदेश प्रसारित करें। कार्यक्रम के दौरान डॉ. पार्वती दीवान, डॉ. नीरज कुमार मीणा, डॉ. ओमेश कुमार, डॉ. प्रवीण हटवाल, दीपक कुमार, चेतना, कुन्दन मीणा, सचिन, अंकित सहित अनेक विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। अंत में डॉ सुरेन्द्र कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिय धन्यवाद ज्ञापित किया।

# स्वेच्छिक रक्तदान एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन आज

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित मत्स्य ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन बानसूर द्वारा संचालित सोनाली हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सैंटर नारायणपुर रोड़ पर स्वेच्छिक रक्तदान एवं निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन 15नवम्बर 2025को आयोजित किया जा रहा है।निदेशक अंजू जयसिंह मीणा ने बताया कि भूतपूर्व सैनिक श्रद्धेय स्व. बीरबल मीणा की 23वीं पुण्यतिथि पर इसका आयोजन किया जा रहा है। उनकी देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठा और क्षेत्र के विकास की दूरदृष्टि सोच को क्रियान्वित करने के लिए इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी शौच थी कि ग्रामीण क्षेत्र की नई पीढ़ी को अच्छी शिक्षा मिले और अच्छे स्वास्थ्य के लिए जानकारी मिले। उसी को दृष्टिगत रखते हुए इस शिविर का आयोजन किया गया है। यहाँ जो रक्तदाता अपना स्वेच्छिक रक्तदान करेंगे किसी के जीवन को बचाने के काम आएगा। जो अच्छे स्वास्थ्य के लिए जानकारी चाहेंगे उन्हें उचित परामर्श निःशुल्क मिलेगा। यही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# शुगर व बीपी की नि:शुल्क जांच का शिविर लगाया गया

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी अलवर द्वारा आज इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित अलवर सांसद खेल उत्सव 2025 के फाइनल खेलों के अंतर्गत मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराई गई जिसमें तकरीबन 265 लोगों की निशुल्क शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच की गई जिसमें तकरीबन 69 लोग डायबिटीज से पीडि़त पाए गए इनमें से 13 लोग ऐसे थे जिनको पता ही नहीं था कि वह इस बीमारी से ग्रसित है गेम्स के दौरान चोटिल तकरीबन 70 से अधिक बच्चों की मर्म पट्टी की गई सभी को दवा भी निशुल्क वितरण की गई एक अस्थमा से पीडि़त बच्ची को अस्थमा का सीवियर अटैक आने पर तुरंत सावधानी बरतते हुए ऑक्सीजन लगाकर सामान्य चिकित्सालय में भेजा गया जहां बच्चों को आराम आने के बाद छुट्टी देगी एक बच्चे की कबड्डी खेलते वक्त उंगली में फैक्चर को तुरंत सामान्य चिकित्सालय बेचकर इसका प्लास्टर कराया गया तकरीबन ढाई सौ से 300 बच्चों को सर दर्द बदन दर्द उल्टी चक्कर पेट दर्द इत्यादि की दवाई देकर तुरंत राहत दिलाई गई ।

आज इंदिरा गांधी स्टेडियम में अलवर मेडिकल मोबाइल यूनिट्स के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर और सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया अलवर के चेयरमैन गिरीश गुप्ता, डॉ रमेश , नर्सिंग स्टाफ मनीष, फार्मासिस्ट पवन, ड्राइवर मनीष ने अपनी सेवाएं प्रातः 8.30 से शाम 6 बजे तक उपलब्ध करवाई ।

## बालदिवस पर मरीजों और परिजनों को बांटे गए फल

# नेहरू राष्ट्र निर्माता तो रावत राजस्थान की शेरनीः सैन

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित बाबा गिरधारीदास गौशाला में गौवंश को सवामणि तो उपजिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत का जन्मदिन बालदिवस के रूप में मनाया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बानसूर के अध्यक्ष भीमसिंह पटेल के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर बोलते हुए डॉ नरेश सैन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राष्ट्र निर्माता थे तो राजस्थान की शेरनी शकुंतला रावत ही है। हमने ब्लॉक अध्यक्ष भीमसिंह पटेल के नेतृत्व में दोनों नेताओं का जन्मदिन बालदिवस के रूप में गौमाताओं की सवामणि कर तथा मरीजों और उनके परिजनों को फल वितरित कर मनाया है। वहीं इस मौके पर बोलते हुए युवा नेता रजनीश पुरोहित ने कहा कि यह दिन हम कांग्रेसजनों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। क्योंकि इसी दिन पूर्व प्रधानमंत्री का जन्मदिन और इसी दिन हमारे राजस्थान की शेरनी का जन्मदिन हमारे लिए गौरव की बात है। वहीं राजीव गाँधी पंचायत राज संगठन के विधानसभा अध्यक्ष अजयसिंह यादव गुरूजी ने कहा कि आज जो कुछ भी देश में है वह स्व. पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की बदौलत है। लेकिन जो विकास बानसूर का हुआ वह पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत की वजह से है। हम हमारे दोनों नेताओं को कभी नहीं भुला सकते। वहीं लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष रहे एडवोकेट प्रदीप यादव ने कहा कि यदि कोई मिशाल है तो वह नेहरू की कही जा सकती है !यदि विकास है तो शकुंतला रावत का नाम लिया जा सकता है !वहीं मण्डल अध्यक्ष मुकेश सैनी नेताजी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री तो हमारे बीच नहीं रहे पर उनका बताया मार्ग हमारे पास जरूर मौजूद है। हमें उस मार्ग पर चलकर देशहित में कार्य करने चाहिए। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भीमसिंह गुर्जर का गिरधर गौशाला कमेटी के संरक्षक महेशचन्द ढांचोलिया द्वारा कमेटी के सदस्यों के साथ साफा पहनाकर सम्मान किया। यह सम्मान इस बात का प्रतीक नजर आ रहा है की राजस्थान की शेरनी पुनः अपनी गुफा में प्रवेश करने वाली हैं। इस मौके पर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्त्ता और गौशाला के कार्यकर्त्ता काफ़ी संख्या में मौजूद रहे।

# वी श्रीनिवास का अगला मुख्य सचिव बनना तय

## केंद्र सरकार ने किया रिलीव; राज्य सरकार जल्द जारी करेगी आदेश



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** 1989 बैच के सीनियर आईएएस वी श्रीनिवास का अगला मुख्य सचिव बनना तय हो गया है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार शाम को उनकी सेवाएं राज्य सरकार को लौटा दी है। श्रीनिवास वर्तमान में केंद्रीय प्रशासनिक सुधार, लोक शिकायत विभाग और पेंशनर्स कल्याण विभाग के सचिव थे। 1 दिन पहले ही राज्य सरकार ने उनके नाम पर मुहर लगाते हुए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा था। इसके बाद अब केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने उनको रिलीव करने के आदेश जारी कर दिए हैं। अब राज्य सरकार कभी भी मुख्य सचिव पद पर उनकी नियुक्ति का आदेश जारी कर सकती है।

सुधांश पंत को अब जल्दी राज्य से केंद्र के लिए रिलीव करने की तैयारी है। केंद्र सरकार ने सुधांश पंत को केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के सचिव का पद संभालने से पहले तक के लिए कैबिनेट सचिवालय में ह्रस्ठ नियुक्त किया है। मंत्रालय के मौजूदा सचिव अमित यादव 30 नवंबर को रिटायर होंगे। सुधांश पंत को उनकी जगह जॉइन करना है। 30 नवंबर तक पद खाली नहीं होने की वजह से सुधांश पंत को केंद्रीय कैबिनेट सचिवालय में ओएसडी के तौर पर अस्थाई जिम्मेदारी दी गई है। पहले माना जा रहा था कि सुधांश पंत 29 या 30 नवंबर तक मुख्य सचिव से रिलीज होंगे, लेकिन अब ताजा आदेश के बाद यह तय है कि उन्हें अब कभी भी रिलीज किया जा सकता है।

# दिल्ली ब्लास्ट पर रविशंकर बोले पढ़-लिख लेना शांति की गारंटी नहीं

## जान बचाने वाले डॉक्टर्स जानलेवा काम में शामिल तो शिक्षाप्रणाली में कमी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर ने दिल्ली ब्लास्ट घटना पर कहा- यह घटना बताती है कि सिर्फ पढ़-लिख लेना या उच्च शिक्षित होना, समाज में शांति लाने की गारंटी नहीं है। कई पढ़े-लिखे लोग, यहां तक कि डॉक्टरों जैसे प्रोफेशन से जुड़े लोग, जिन्हें लोगों की जान बचाने की जिम्मेदारी दी जाती है। अगर जानलेवा काम में शामिल हो जाएं तो यह साफ दिखाता है कि हमारी शिक्षा प्रणाली में कहीं न कहीं गंभीर कमी है। गुरु श्री श्री रविशंकर ने कहा- दिल्ली ब्लास्ट घटना बेहद भयानक और खतरनाक दुर्घटना है, जिससे सभी को गहरा आघात पहुंचा है। जयपुर के एसएमएस आउटडोर स्टेडियम में शुक्रवार को आयोजित 'उत्साह ङ्क एक युवा संगम' कार्यक्रम में आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर ने यह कहा। उन्होंने इस मामले में शामिल डॉक्टरों और कुछ आध्यात्मिक गुरुओं को लेकर कहा- केवल किताबों का ज्ञान शिक्षा नहीं है। सिर्फ सूचना होना शिक्षा नहीं कहलाता। जब तक किसी व्यक्ति के अंदर शिक्षा के माध्यम से उदार और संतुलित व्यक्तित्व नहीं बनता, तब तक उसे वास्तविक रूप से शिक्षित नहीं माना जा सकता।

# डंपर से कुचलकर 15 लोगों को मारने में बड़ा खुलासा

## जयपुर में कमेटी ने कलेक्टर को सौंपी रिपोर्ट, सीएस समेत 6 अधिकारी दिल्ली तलब

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में हरमाड़ा हादसे में हुई 15 मौतों के कारणों की जांच के लिए कलेक्टर की ओर से बनाई गई 6 सदस्यों की कमेटी ने 10 दिन बाद अपनी रिपोर्ट सौंपी। हादसे का सबसे प्रमुख कारण डम्पर ड्राइवर का नशे में होना माना है। साथ ही ट्रैफिक पुलिस के नदारद रहने को भी इस हादसे के प्रमुख कारणों में शामिल किया है। वहीं, राजस्थान में बढ़ते सड़क हादसों को लेकर सुप्रीम कोर्ट की ओर से बनाई गई रोड सेफ्टी कमेटी ने मामले को गंभीर मानते हुए मुख्य सचिव समेत 6 अधिकारियों को तलब किया है। दरअसल, 3 नवंबर को दोपहर को हुए डंपर हादसे मं 15 लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद जयपुर कलेक्टर ने हादसे की जांच के लिए कमेटी गठित की थी। इसमें एडीएम साउथ, आरटीओ जयपुर, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम), अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर (ट्रैफिक), अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी, एसडीओ रामपुरा डाबरी और परियोजना निदेशक ह्र॥ह्व को शामिल किया गया। इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में हादसे के पीछे डंपर चालक की शराब के नशे में लापरवाही और ट्रैफिक पुलिस की अनुपस्थिति को प्रमुख कारण बताया है। हालांकि कमेटी ने इस दुर्घटना के पीछे जिम्मेदार ड्राइवर को ही माना है।

# जयपुर एयरपोर्ट पर गलत रास्ते पर गई फ्लाइट

## दूसरे टैक्सी-वे की तरफ मोड़ दिया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुक्रवार को बड़ा हादसा टल गया। दोपहर 12.30 बजे एक नॉन - शेड्यूल्ड फ्लाइट सीएस - जीएलई टेकसिंग के दौरान गलत दिशा में चली गई। फ्लाइट को रनवे पर जाना था। जो अपने टेक्सी-वे से गलती से बे-03 (दूसरा टैक्सी-वे ) की तरफ मोड़ दिया गया। घटना के समय फॉलो-मी वाहन उपलब्ध था। जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। दरअसल, जयपुर से दुबई जाने वाली यह नॉन शेड्यूल्ड फ्लाइट टेकऑफ की तैयारी में थी।ङ्गञ्जष्ट से टैक्सी क्लियरेंस मिलने के बाद विमान को रनवे 27 की तरफ बढ़ना था। लेकिन गलत निर्देशों के चलते एयरक्राफ्ट अपना टैक्सी-वे छोड़कर बे - 03 (दूसरा टैक्सी-वे ) की ओर मुड़ गया।

फॉलो - मी वाहन न होने से एयरक्राफ्ट कुछ देर तक वहीं खड़ा रहा। फॉलो मी वाहन से ही नॉन - शेड्यूल्ड को रनवे पर पहुंचाया जाता है। इसके बाद,ञ्जष्ट को गलती का एहसास हुआ। पायलट ने 'फॉलो मी' की मांग नहीं की थी। गलत टेकसिंग के बाद एटीसी ने 'फ़ॉलो मी' की आवश्यकता बताई। वहीं, एयरक्राफ्ट के गलत दिशा में जाने की जानकारी मिलते ही फॉलो-मी वाहन मौके पर भेजा गया। इसके मार्गदर्शन में फ्लाइट को दोबारा सही टैक्सी-वे पर लाया गया। इसके बाद एयरक्राफ्ट को रनवे तक सुरक्षित पहुंचाया गया और फ्लाइट ने सामान्य प्रक्रिया के तहत टेकऑफ किया।

# स्पेनिश महिला के लिए पुष्कर आए तीन देशों के दोस्त

## आत्मा की शांति के लिए सरोवर में की पूजा, इंडोनेशिया में हुई थी हत्या

बढ़ता राजस्थान

**पुष्कर ( अजमेर )।** तीन देशों से आए 30 विदेशी पर्यटकों ने अपनी दोस्त की आत्मा की शांति के लिए पुष्कर में पूजा की। इटली, फ्रांस और स्पेन से आए पर्यटकों ने स्पेनिश दोस्त मटिल्डे मुनोज के लिए गुरुवार देर शाम वराह घाट पर प्रार्थना की। मटिल्डे मुनोज का इंडोनेशिया में मर्डर कर दिया गया था।

मटिल्डे मुनोज (72) को दोस्त करुणा नाम से बुलाते थे। करुणा करीब 22 सालों से पुष्कर आ रही थी। पुष्कर से करुणा का गहरा लगाव था। पुष्कर की हर आरती और घाटों पर उनका आध्यात्मिक जुड़ाव था।

### हमेशा पुष्कर की बातें करती थीं

स्पेन की श्लोकिया ने बताया- करुणा हर साल पुष्कर आती थी। वो यहां के घाटों पर घंटों तक बैठे रहती थी। पुष्कर से करुणा का अलग ही रिश्ता बन गया था। यहां से जाने के बाद भी जब कभी उनसे फोन पर बात होती तो वो बस पुष्कर की बातें करती और वापस यहां आने की योजना बनाती रहती थी।

### इंडोनेशिया में हुआ मर्डर

कलमेन ने बताया- जुलाई 2025 में करुणा इंडोनेशिया गई थीं। इंडोनेशिया के लोम्बोक आइलैंड पर उनकी हत्या हो गई। कुछ लोगों ने पैसों के लालच में होटल के रूम में उनका गला घोंट कर हत्या कर दी। अगस्त 2025 में दोस्तों को करुणा की हत्या का पता चला। सब दोस्त दुखी हुए और करुणा के लिए कुछ करना चाहा।

# मोहन भागवत बोले-कुछ शक्तियां भारत को आगे बढ़ने देना नहीं चाहती

## हिंदू भारत का प्राण है, इसलिए भारत को तोड़ने की कोशिश करने वाले हिंदुओं को तोड़ना चाहते है

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर( का.स. )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहनाराव भागवत ने कहा कि कुछ शक्तियां ऐसी है जो भारत को आगे बढने देना नहीं चाहती है। हिंदू भारत का प्राण है, इसलिए भारत को तोड़ने की कोशिश करने वाले लोग हिंदुओ को तोड़ना चाहते हैं। आज ड्रग्स का जाल फैलाया जा रहा है। इसके पीछे जो ताकतें है वो भारत को दुर्बल बनाना चाहती है। सरसंघचालक डॉ.भागवत शुक्रवार को मालवीय नगर स्थित पाथेय कण संस्थान के नारद सभागार में आयोजित सामाजिक सद्भाव बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि सद्भावना भारत का स्वभाव है। नियम और तर्क के आधार पर समस्याएं ठीक नहीं हो सकती, इसके लिए सद्भावना चाहिए और हमें यही काम करना है।

स्वार्थ भावना दुनिया का स्वभाव है। स्वार्थ भावना के आधार पर दुनिया को सुखी करने का प्रयास दो हज़ार साल से चल रहा है और फेल हो रहा है क्योंकि स्वार्थ सबका भला नहीं कर सकता। जिसमें ताकत है वो अपना स्वार्थ साध लेता है, उसके मन में कोई संवेदना नहीं रहती।

उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन का कार्यक्रम हमने दिया है। बहुत सरल कार्यक्रम है। यह समरसता, पर्यावरण, कुटुम्ब प्रबोधन, स्व का जागरण और नागरिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि परिवार में आत्मीयता होती है तो ड्रग और लव जिहाद जैसी बातें हमेशा दूर रहती है।

पर्यावरण के लिए छोटी छोटी बातें करनी है। पानी बचाओ, सिंगल यूज प्लास्टिक हटाओ और पेड़ लगाओ। उन्होंने आगे कहा कि सद्भावना के आधार पर ये बातें समाज के आचरण लाना है यह तब आएगी जब पहले हम इसे अपने आचरण में लाएंगे। सबमें सम्मान, प्रेम और आदर रहेगा तो सारे संकट समाप्त हो जाएंगे।बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेशचंद्र अग्रवाल, प्रदेश के विभिन्न समाजों के पदाधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### दीनदयाल उपाध्याय के स्मारक पर पहुंचे

इससे पहले मोहन भागवत जयपुर के धानक्या गांव स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक पर पहुंचे। उन्होंने यहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और स्मारक पर संस्कार सृष्टि तथा उनके जीवन से जुड़ी अनेक घटनाओं को देखा। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति की गत 6 सालों की गतिविधियों पर लगी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर डॉ. भागवत ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी का जो दर्शन है, उसके पीछे उनकी पूरी जीवन की तपस्या है। वह कोरा चिंतन नहीं है।

# राजस्थान में सुबह-शाम ठिठुरन, दिन में सुहानी धूप

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान में सर्दी के तेवर बरकरार है। प्रदेश के सभी शहरों में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज होने के कारण सुबह-शाम ठिठुरन है। वहीं, दिन में तेज धूप रहने से मौसम सुहाना हो गया। गुरुवार को राज्य में सबसे ठंडा दिन सिरोही में रहा, जहां अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। शेखावाटी में न्यूनतम तापमान अभी भी 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया जा रहा है।

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले एक सप्ताह तक प्रदेश में मौसम साफ रहने और न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री तक की और गिरावट होने की संभावना जताई है।

गुरुवार को सबसे ज्यादा रात में सर्दी सीकर के पास फतेहपुर में रही, जहां न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा ठंडा दिन सिरोही में रहा, जहां अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सीकर, झुंझुनूं, पिलानी में कल सुबह-शाम कोल्ड-वेव (शीतलहर) का प्रभाव रहा। फतेहपुर के अलावा कल बारां में 9.8 डिग्री, चूरू में 9.7, सीकर में 9.4, पिलानी में 9.8 और नागौर में 8.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# राजस्थान में 15 अप्रैल तक होंगे पंचायत-निकाय चुनाव

## हाईकोर्ट का फैसला, 31 दिसंबर तक परिसीमन की प्रक्रिया पूरी करें



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सरकार को पंचायत और निकाय चुनाव 15 अप्रैल 2026 तक कराने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि सरकार 31 दिसंबर तक परिसीमन की प्रक्रिया पूरी करें। अदालत ने शुक्रवार को करीब 439 याचिकाओं पर फैसला सुनाया।

इसके साथ ही कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एसपी शर्मा और जस्टिस संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने अपने फैसले में परिसीमन के मामले में दखल देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि परिसीमन को लेकर आ रहे मामलों पर राज्य स्तरीय कमेटी सकारात्मक रूप से विचार करें। कोर्ट ने कहा कि एक बार परिसीमन का काम पूरा होने के बाद उसके फाइनल नोटिफिकेशन को अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकेगी। वहीं कोर्ट ने कार्यकाल पूरा होने वाली पंचायतों और पंचायत समितियों में सरपंच और प्रधान को प्रशासक लगाने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को भी खारिज कर दिया।

### सरकार कब तक चुनाव लटकाए रखना चाहती है

फैसला सुनाते समय कोर्ट ने महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद से पंचायत-निकाय चुनाव कराने की फिक्स डेट पूछी, लेकिन जब महाधिवक्ता फिक्स डेट नहीं बता पाए तो अदालत ने कहा कि सरकार कब तक पंचायत और निकाय चुनाव को लटकाए रखना चाहती है। महाधिवक्ता ने कहा कि सरकार की ओर से जल्द चुनाव कराने की बात कहीं। इस पर कोर्ट ने सरकार को चार माह में चुनाव करा लेने के लिए कहा, लेकिन महाधिवक्ता ने इस समय को कम बताया। इसके बाद कोर्ट ने 31 मार्च तक चुनाव कराने के निर्देश दिए।

### चुनाव को एक दिन भी स्थगित नहीं किया जा सकता

याचिकाकर्ताओं के वकील प्रेमचंद देवंदा ने बहस करते हुए कहा था कि राज्य सरकार ने 16 जनवरी, 2025 को अधिसूचना जारी करके इन पंचायतों के चुनावों को स्थगित कर दिया। जो संविधान के अनुच्छेद 243ई, 243के और राजस्थान पंचायत राज अधिनियम 1994 की धारा 17 का उल्लंघन है। सरकार ने प्रजातंत्र की सबसे छोटी इकाई और ग्रामीण संस्थाओं को अस्थिर करते हुए राज्य की तकरीबन 6,759 पंचायतों के आम चुनाव पर रोक लगाई है। जबकि संविधान और पंचायत राज के प्रावधानों के अनुसार पंचायत का 5 साल का कार्यकाल पूरा हो जाने पर चुनाव एक दिन भी स्थगित नहीं किया जा सकता है।







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार